




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 6 मई 2026


## बेमेतरा में विकास पर महामंथन, सत्ता-विपक्ष के बीच तीखी बहस में उभरी जमीनी सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आईएनएच-हरिभूमि द्वारा आयोजित जिला संवाद 2026" कार्यक्रम ने मंगलवार को जिले की राजनीति, विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर ऐसा मंच तैयार किया, जहां सत्ता और विपक्ष आमने-सामने नजर आए। शहर के किंग्स महल होटल में आयोजित इस संवाद में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने खुलकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया। उनके तीखे सवालों और संतुलित संवाद ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत, रोचक और सारगर्भित बनाए रखा।

### हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

#### मंच पर टकराए दो नजरिए

कार्यक्रम में एक ओर सत्तापक्ष के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में सरकार के दो वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, आधारभूत संरचना के विकास और प्रशासनिक सुधारों को प्रमुखता से रखा गया। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष के नेताओं ने इन दावों पर सवाल उठाते हुए जमीनी स्तर पर समस्याओं, अधूरे कार्यों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की कमी को उजागर किया।



#### मंत्री से सीधा संवाद

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से डॉ. द्विवेदी ने सीधा संवाद किया। मंत्री बघेल ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को "तूफान" बताते हुए राजनीतिक सफलताओं का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह का कार्यकाल प्रदेश के विकास का स्वर्णिम काल रहा, जबकि वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार "मोदी की गारंटी" को पूरी ईमानदारी से जमीन पर उतार रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला करते हुए उन्होंने "नरवा, गरवा, घुरवा, बारी" योजना को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि पिछले पांच वर्षों में विकास कार्य ठप रहे और केवल घोषणाओं तक सीमित रहे।

#### नवागढ़ की पीड़ा और अधूरी घोषणाएं

अपने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए मंत्री बघेल ने कहा कि पूर्व सरकार के समय उन्हें प्रशासनिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि नांदघाट और संबलपुर को नगर पंचायत तथा नवागढ़ को नगर पालिका बनाने की घोषणाएं आज तक धरातल पर नहीं उतर पाईं।

#### बेमेतरा के विकास पर सरकार का दावा

मंत्री बघेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में बेमेतरा को जिला बनाया गया और वर्तमान सरकार ने यहां कलेक्टर कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना कर प्रशासनिक मजबूती दी है। उन्होंने दोहराया कि नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप विष्णुदेव साय सरकार पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ काम कर रही है।

#### शिक्षा-स्वास्थ्य पर बड़ा सवालः मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग

जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग को लेकर भी चर्चा तेज रही। मंत्री बघेल ने कहा कि यह प्राथमिकता का विषय है और जल्द ही जिले के जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मिलकर इस दिशा में ठोस पहल करेंगे।

#### आरोप-प्रत्यारोप में गरमाया माहौल

पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा साय सरकार को "कोरी किताब" कहे जाने पर मंत्री बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास छीने, जबकि वर्तमान सरकार ने बनते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए।

#### इनकी रही सहभागिता

संवाद में विजय बघेल (दुर्ग सांसद), दीपेश साहू, ईश्वर साहू सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। प्रशासनिक स्तर पर प्रतिष्ठा ममगाई (कलेक्टर) और रामकृष्ण साहू (पुलिस अधीक्षक) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गंभीरता और विश्वसनीयता प्रदान की। इसके अलावा आशीष छाबड़ा, गुरुदयाल बंजारे, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### खबर संक्षेप

#### 994 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त, महिला गिरफ्तार

**चुराचांदपुर।** मणिपुर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के अभियान के तहत तुइबोंग में छापेमारी के दौरान साबुन के डिब्बों में छिपाई गई 994 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की और एक महिला को पकड़ा। पुलिस ने सूचना के आधार पर तुइबोंग स्थित एक घर पर छापा मारा और साबुन के 82 डिब्बों में छिपाए गए मादक पदार्थ बरामद किए। आरोपी की पहचान हाटनेइथेम हाओकिप (32) के रूप में हुई है। कुछ दिन पहले पुलिस ने एक कार को रोककर ब्राउन शुगर से भरे 27 साबुन के डिब्बे जब्त किए थे। पुलिस ने बताया कि कार में यात्रा कर रहे हेमंत बैते (46) और

#### बोरिंग मशीन से कुचलकर तीन मजदूरों की मौत

**धार।** मध्यप्रदेश के धार जिले में एक ट्यूबवेल बोरिंग मशीन के




पीछे करते समय सो रहे तीन मजदूरों के ऊपर चढ़ जाने से उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामचरण (56), भानु प्रताप (19) और अरविंद (22) के रूप में हुई है। ये सभी छत्तीसगढ़ के निवासी थे। यह हादसा तड़के गवला गांव, पीथमपुर सेक्टर-एक में हुआ, जो जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित है।

#### तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई, तीन की गई जान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में नेरचौक के पास डडौर में तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान मंडी जिला निवासी अनिल कुमार (28), रोहित कुमार (26) और सुभाष कुमार (23) के रूप में हुई है। हादसे के समय कार में पांच लोग सवार थे। अस्पताल में तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य को बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेफर किया गया है।

### पश्चिम बंगाल में नई सरकार की तैयारी, 9 को शपथ ले सकती है नई सरकार

# शाह चुनेंगे नया सीएम, हार के बाद भी ममता का इस्तीफा देने से इंकार

#### दो दिन बाद भंग हो सकती है बंगाल की विधानसभा

#### भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शाह को बनाया बंगाल का पर्यवेक्षक

**पर्यवेक्षक और सह पर्यवेक्षक**



अमित शाह | जेपी नड्डा | मनसुख मांडविया

- पश्चिम बंगाल-अमित शाह, मोहन मांझी
- असम- जेपी नड् डा, नायब सैनी
- पुडुचेरी-मनसुख मांडविया, निर्मल कुमार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीत के बाद भाजपा नई सरकार के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण 9 मई को होगा। बंगाल में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान खुद गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। इधर, भाजपा की प्रचंड जीत और टीएमसी की हार के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि हम चुनाव नहीं हारे हैं, इसलिए इस्तीफे का सवाल नहीं है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 207 सीट जीतकर 294 सदस्यीय विधानसभा में निर्णायक बहुमत हासिल किया और राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर के बाद हुए पहले चुनाव में टीएमसी काफी पीछे रह गई और केवल 80 सीटें जीतकर एक सीट पर बढ़त हासिल करने में कामयाब रही। चुनाव का परिणाम आने के बाद बंगाल की सियासत में बवाल मच गया है। वजह है ममता बनर्जी का एक बयान। उन्होंने चुनाव हारने के बावजूद इस्तीफा देने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### ममता बोलीं- जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम



जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश है। साथ ही उन्होंने सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ने और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा, बल्कि उसकी लड़ाई निर्वाचन आयोग से थी, जिसने भाजपा के लिए काम किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के ▶▶| शेष पेज 6 पर



#### शुभेंदु सीएम या महिला पर दांव

पश्चिम बंगाल में इतिहास में अभी तक कुल आठ मुख्यमंत्री हुए हैं। इनमें ममता बनर्जी इकलौती महिला मुख्यमंत्री हैं। ऐसे में चर्चा है कि महिलाओं के मजबूत नेटवर्क और वोटबैंक को देखते हुए क्या भाजपा महिला को मुख्यमंत्री बनाएगी या फिर शुभेंदु ही सीएम बनेंगे। पिछली बार ममता बनर्जी ने पांच मई को शपथ ली थी। वह कुल 15 साल राज्य की सीएम रहीं। पश्चिम बंगाल के पहले सीएम होने का गौरव बिधान चंद्र राय को है। प्रफुल्ला चंद्र सेन दो बार सीएम बने जब कि अजॉय मुखर्जी तीन बार सीएम की कुर्सी पर बैठे। इसके बाद सिद्धार्थ शंकर रे और फिर ज्योति बसु मुख्यमंत्री बने।

#### ट्रंप ने मोदी को दी बधाई

भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी क्रम में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक और निर्णायक चुनावी जीत की बधाई दी है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने बताया कि हाल ही में फोन पर हुई बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की सराहना की थी।

#### शुभेंदु बोले- सब कुछ लिखा है संविधान में

भाजपा के वरिष्ठ नेता और भवानीपुर सीट से ममता बनर्जी को 15 हजार से ज्यादा मतों के



अंतर से हराने वाले शुभेंदु अधिकारी ने उनके इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वो (ममता बनर्जी) क्या कह रही हैं वो मुझे नहीं पता है, लेकिन मैं तो सिर्फ इतना कहूंगा कि सब कुछ संविधान में लिखा हुआ है। इससे ज्यादा मुझे कुछ भी कहने की कोई जरूरत नहीं है। ममता बनर्जी के इस्तीफा ना देने वाले बयान ▶▶| शेष पेज 6पर

#### सीएम इस्तीफा नहीं दे तो क्या होगा?

अगर कोई सीएम इस्तीफा नहीं देता है तो ऐसे में राज्यपाल के पास विशेष शक्तियां होती हैं। राज्यपाल पहले हारे हुए सीएम से इस्तीफा मांग सकते हैं और इंकार करने पर वो विधानसभा को तुरंत भंग करने का आदेश जारी कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में राज्यपाल मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर सकते हैं। अगर मुख्यमंत्री की तरफ से कोई कदम उठाया जाता है या फिर कोई बड़ा संकट खड़ा होता है तो ऐसे में राज्यपाल अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर सकते हैं। राज्यों में संवैधानिक मशीनरी की विफलता के मामले में ऐसा होता है। हालांकि पश्चिम बंगाल के मामले में चुनावी नतीजे आ चुके हैं और ऐसे में साफ हो चुका है कि राज्य में किसकी सरकार बनेगी।

#### स्कार्पियो वाहन में जबरदस्ती बैठा लिया

## पद्मश्री फुलबासन का अपहरण रास्ते में ही पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

महिला स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाओं को सशक्त करने वाली पद्मश्री सहित सैकड़ों पुरस्कारों से सम्मानित फुलबासन बाई यादव का मंगलवार को अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस की सजगता से अपहरण के दौरान आरोपियों को रास्ते में ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने इस प्रकरण में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस चौकी सुकुल दैहान में उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना सुबह लगभग 10 बजे की बताई ▶▶| शेष पेज 6 पर




#### पुलिस कर रही मामले की जांच

फूलबासन का अपहरण क्यों किया गया, इसके पीछे संदेहियों की क्या मंशा थी, इस पर पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

#### आरोपी भी महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। उसके बाद संदेहियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है । आरोपी महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई है और चार-पांच माह से फुलबासन यादव के संपर्क में भी थी। इस महिलाएं बेमेतरा क्षेत्र में समूहों को रोजगार प्रशिक्षण के नाम पर जोड़कर रखा है। प्रशिक्षण के नाम पर अवैध वसूली की भी जानकारी पुलिस को पूछताछ के दौरान मिली है।






### राज्य में डीमैट खातों की संख्या हो गई 22 लाख 87 हजार से अधिक

# शेयर मार्केट में भी बढ़ रही छग की महिलाओं की रुचि, 7 माह में 44 हजार से ज्यादा ने खोले खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कृषि प्रधान और ज्यादातर ग्रामीण आधार वाले छत्तीसगढ़ में महिलाओं ने अपनी जमा रकम को सोना, चांदी या जमीन खरीदने में लगाने के परंपरागत तरीकों से उपर उठकर अब रुपयों को दांव पर लगाना सीख लिया है। यहां की महिलाएं शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्साह के साथ उतर रहीं हैं। डिपॉजिटरी सेवाओं (सीडीएसएल) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक सात महीनों के दौरान सवा चवालीस हजार से अधिक महिलाओं ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में निवेश के तौर तरीकों में यह एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। यहां के पुरुष और महिलाएं जो अपनी आय का एक हिस्सा बचाकर बचत के रूप में राशि जमा करने के आदी बने हुए थे, अब वे डीमैट खाता खुलवाकर सीधे शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं।



#### एक नजर डीमैट खातों पर

अक्टूबर 2025 के आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में कुल 22,87,175 डीमैट खाते हैं। राज्य में निवेश परिदृश्य में महत्वपूर्ण 'ग्रोथ' देखी गई है। यहां पिछले 7 महीनों में कुल डीमैट खातों में 9.40 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी हुई है। मार्च में कुल खाते 20,90,571 थे, जो अक्टूबर तक बढ़कर 22,87,175 हो गए।

#### क्या है डीमैट खाता और क्यों बढ़ रही है इसकी जरूरत?

'डीमैट' का अर्थ है 'डीमैटरियलाइजेशन'। यह बैंक खाते की तरह ही एक इलेक्ट्रॉनिक खाता है, जहाँ शेयरों और अन्य वित्तीय प्रतिभूतियों को डिजिटल रूप में रखा जाता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अनुसार, शेयर बाजार में निवेश करने, म्यूचुअल फंड खरीदने या आईपीओ (आईपीओ ) में आवेदन करने के लिए डीमैट खाता होना अनिवार्य है। यह न केवल निवेश की प्रक्रिया को आसान बनाता है, बल्कि भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों के खोने या फटने के जोखिम को भी खत्म कर देता है।

#### महिला निवेशकों की स्थिति और भागीदारी

इस पूरी रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक हिस्सा महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं अब वित्तीय फैसलों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मार्च 2025 में महिला खाताधारकों की संख्या 4,35,252 थी। 7 महीनों में 44,414 नई महिलाओं ने ट्रेडिंग और निवेश की शुरुआत की। महिला निवेशकों की संख्या में 10.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि पुरुषों की वृद्धि दर (9.19 प्रतिशत) से कहीं अधिक है।



# नितिन नवीन की नई टीम में छत्तीसगढ़ से एक महामंत्री संभव, इसी माह ऐलान की संभावना

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

## वर्तमान कार्यकारिणी में सरोज पांडेय और लता उसेंडी हैं उपाध्यक्ष

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। उनकी नई कार्यकारिणी का इसी माह ऐलान होने की संभावना है। ऐसे में यह बात तय है कि छत्तीसगढ़ को उनकी कार्यकारिणी में बहुत अहमियत मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ के किसी एक नेता को महामंत्री का पद मिलने की संभावना है। वैसे भी छत्तीसगढ़ को हमेशा से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्व मिलता है। एक बार सरोज पांडेय महामंत्री रह चुकी हैं। इस समय सरोज पांडेय के साथ लता उसेंडी उपाध्यक्ष हैं।

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ को हमेशा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में कोई न कोई पद मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सभी राष्ट्रीय नेता बहुत अहमियत देते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों का भी छत्तीसगढ़ से



लगाव रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य की बात है कि भाजपा के इस बार के नए अध्यक्ष नितिन नवीन भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इसके पहले राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ को महत्व भी मिला।नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश के कई नेताओं को बंगाल, असम के चुनाव में अहम जिम्मेदारी दी गई थी। प्रदेश में जब 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जब प्रदेश में हार मिली थी तो इसके बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया था। उन पर राष्ट्रीय संगठन बहुत भरोसा करता था और उनको कई बड़े काम भी दिए गए। एक बार उन्होंने 26 जनवरी 2023 को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में जेपी नड्डा के बाहर रहने पर झंडा भी फहराया। वे प्रदेश के पहले नेता हैं जिनको यह मौका मिला है। एक समय में राष्ट्रीय संगठन में डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी तीन उपाध्यक्ष थे। 2023 में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने तो उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया। सरोज पांडेय प्रदेश की एकमात्र नेत्री हैं जो राष्ट्रीय महामंत्री रहीं हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहीं हैं। करूणा शुक्ला भी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रही हैं। रामविचार नेताम जहां अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, वहीं वे राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे हैं। इस समय सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। इसी के साथ धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य हैं। अब नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी प्रदेश के नेताओं को अहमियत मिलेगी। श्री नवीन प्रदेश के हर नेता के बारे में जानते हैं, ऐसे में वे किसी भी नेता को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।

### नए चेहरों को मिल सकता है मौका

श्री नवीन की टीम में प्रदेश के नए चेहरों को मौका मिल सकता है। प्रदेश के कई नेता श्री नवीन के करीबी हैं। बंगाल चुनाव में जहां एक तरफ प्रदेश के कई नेताओं को कमान दी गई थी, वहीं प्रदेश के सौरभ सिंह और राम गर्ग को नितिन नवीन की टीम में स्थान मिला था। यह इस बात का सबूत है कि प्रदेश के नेताओं को राष्ट्रीय संगठन में कितनी अहमियत दी जाती है। इस बात की भी संभावना है कि भाजपा का नारी शक्ति वंदन का अभियान चल रहा है तो ऐसे में प्रदेश की किसी महिला नेत्री को भी महामंत्री बनाया जा सकता है। वैसे पहले सरोज पांडेय महामंत्री रहीं हैं तो इस बात की संभावना ज्यादा है कि इस बार किसी पुरुष नेता को मौका मिलेगा। इसके अलावा और एक-दो नेताओं को कार्यकारिणी में लिए जाने की संभावना है। कम से कम प्रदेश के दो नेताओं के नई टीम में रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### सहकारी और निजी दुकानों में खाद बिक्री पर कोई रोक नहीं

**रायपुर।** कृषि विभाग ने साफ किया है कि छत्तीसगढ़ में सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में उर्वरक वितरण और विक्रय को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट है। राज्य में सरकारी एवं निजी केन्द्रों में उर्वरकों के विक्रय या वितरण पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। खाद के संबंध में सामने आई कुछ अटकलों को दरकिनार करते हुए विभाग ने कहा कि यह कहा जा रहा है कि कृषकों की भूमि धारिता एवं फसल अनुसार वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप सरकारी एवं निजी विक्रय केंद्रों से संतुलित मात्रा में उर्वरकों का वितरण विक्रय पॉस मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित करने के संबंध में मैदानी अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनी रहे। रायपुर जिले के उप संचालक कृषि को निर्देशित किया गया है कि वे निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा वास्तविक कृषकों को ही उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करायें। उर्वरक वितरण के समय कृषक का नाम आधार नंबर जोत का रकबा फसल का ताल (जिसके लिए उर्वरक क्रय किया जा रहा है। उर्वरक की मात्रा संधारित करना अनिवार्य प्रोगा।

## प्रत्येक ब्लॉक से एक विद्यालय का किया जाएगा चुनाव, प्रदेशभर से 150 का चयन

# ग्रामीण छात्र भी हो अंग्रेजी में दक्ष, इसलिए स्वामी विवेकानंद योजना में गांव के स्कूल

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बजट सत्र में घोषित की गई स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसा इसलिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी भी अंग्रेजी में दक्ष हो सकें। इस योजना के अंतर्गत शुरुआती चरण में 150 शासकीय विद्यालयों का चयन किया जाएगा।

इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक से एक विद्यालय का नाम मांगा गया है। ये नाम ग्रामीण क्षेत्रों से मांगे गए हैं। अधिकतर जिलों ने अपने क्षेत्र से स्कूलों के नाम प्रेषित कर दिए हैं। जहां 12वीं कक्षा तक का संचालन हो, उन विद्यालयों का ही चयन किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही इस योजना की शुरुआत करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रवेश प्रक्रिया अगले माह प्रारंभ कर दी जाएगी। यहां स्वामी आत्मानंद विद्यालय की तर्ज पर इंग्लिश भाषा में पढ़ाई होगी। सीबीएसई बोर्ड के स्थान पर सीजी बोर्ड से ही इन स्कूलों की संबद्धता बरकरार रहेगी।नीति के क्रियान्वयन के लिए सभी जिला शिक्षा

### रायपुर जिले के चार ब्लॉक से भेजे गए नाम, सभी स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के



कार्यालय से लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा नाम मांगे गए थे। राजधानी रायपुर के प्रत्येक ब्लॉक से एक-एक विद्यालय अर्थात इस तरह से चार विद्यालयों का चयन किया गया है। अप्रैल माह में ही ये नाम भेज दिए गए थे। जिन स्कूलों के नाम प्रेषित किए गए हैं, उनमें धरसींवा ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी, आरंग ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निसदा, अभनपुर ब्लॉक के अंतर्गत हायर सेकंडरी स्कूल पोड़ तथा तिल्दा ब्लॉक के अंतर्गत हायर सेकंडरी स्कूल सरोरा का चयन किया गया है।

### छात्रों से ली जाएगी फीस

कांग्रेस शासनकाल में प्रारंभ की गई स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना में छात्रों के लिए शिक्षा पूरी तरह निशुल्क रखी गई थी। इसके स्थान पर विद्यालयों को अनुदान प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई थी। प्रारंभ में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की संख्या अधिक नहीं होने के कारण अनुदान प्रदान करने में विशेष संकट का सामना नहीं करना पड़ा। बाद में अधिक संख्या में स्कूलों को इस योजना में शामिल किए जाने के कारण पर्याप्त अनुदान प्रदान करना कठिन हो गया। लंबे समय तक उधार के भरोसे काम चलाने के बाद अंततः सत्र 2026-27 से यहां पुनः फीस ली जाएगी। अन्य शासकीय विद्यालयों की तरह स्वामी विवेकानंद विद्यालयों में भी फीस की व्यवस्था समान ही होगी।

# 31 मई तक स्कूलों को चुननी होगी तृतीय भाषा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने छठवीं में तीसरी भाषा (आर3) लागू करने को लेकर सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश जारी करते हुए प्रक्रिया तेज करने को कहा है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यह व्यवस्था अनिवार्य होगी और सभी स्कूलों को 31 मई तक पोर्टल पर अपनी तीसरी भाषा का चयन अपलोड या संशोधित करना होगा। बोर्ड का यह निर्देश अप्रैल 2026 को जारी सर्कुलर के बाद आया है, जो राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा - स्कूली शिक्षा (एनसीएफ-एसई) 2023 पर आधारित है। सीबीएसई के अनुसार कई स्कूलों ने अपनी तीसरी भाषा का विकल्प पहले ही पोर्टल पर अपलोड कर दिया है, लेकिन कुछ स्कूल अब भी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं, वहीं कुछ ने नीति के अनुरूप विकल्प नहीं चुने हैं। सीबीएसई ने इन खामियों को दूर करने के लिए 31 मई तक का अंतिम मौका दिया है और कहा है कि यह प्रक्रिया सभी स्कूलों के लिए अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा तक जानकारी अपडेट नहीं करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई भी हो सकती है। बोर्ड ने तीसरी भाषा की पढ़ाई को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**करना होगा लर्निंग आउटकम का पालन**

संविधान की सूची में शामिल भाषाओं के लिए एनसीईआरटी और सीबीएसई की वेबसाइट पर एक जुलाई 2026 से पहले पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी। यदि कोई स्कूल सूची से बाहर की भाषा चुनता है, तो वह एससीईआरटी या राज्य द्वारा स्वीकृत पुस्तकों का उपयोग कर सकता है, लेकिन उसे राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के सीखने के परिणाम (लर्निंग आउटकम) का पालन करना होगा। सीबीएसई ने तीन-भाषा फार्मूला (आर1, आर2, आर3) को अनिवार्य बताते हुए कहा है कि इनमें से कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना जरूरी है। जिन स्कूलों ने अभी तक दो भारतीय भाषाएं लागू नहीं की हैं, उन्हें एक जुलाई 2026 से यह व्यवस्था शुरू करनी होगी। बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय इस प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और जरूरत पड़ने पर स्कूलों को सहायता भी करेंगे।

## जेल डीजी ने हाईकोर्ट को बताया, बैमा नगोई में बन रहा नया 1500 क्षमता वाला नया आदर्श जेल

बिलासपुर। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी में मंगलवार को हुई सुनवाई में बताया गया कि बिलासपुर के बैमा नगोई में एक नया जेल बन रहा है। इसके लिए लगभग 50 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। यह जेल आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा के साथ कैदियों के सुधार व उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एक आदर्श जेल के रूप में होगा। इसकी क्षमता 1500 कैदियों की होगी। इसके अलावा, बेमेतरा में 200 कैदियों की क्षमता वाली एक ओपन जेल, भी इसके ही अनुसार बनाया गया है। मंगलवार को डायरेक्टर जनरल, जेल और करेक्शनल सर्विसेज़ ने पर्सनल एफिडेविट फाइल किया।

दायर किए गए शपथ पत्र के अनुसार पहले के एफिडेविट में रिकॉर्ड पर रखे गए निर्देशों के अनुसार, पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर, जेल और करेक्शनल सर्विसेज़ के हेडक्वार्टर के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल और राज्य भर की सेंट्रल जेलों के सभी जेल सुपरिटेंडेंट को मॉडल प्रिज़न मैनुअल, 2016 के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों में यह ज़रूरी है कि नई



बनने वाली जेलों से जुड़ी सभी कंस्ट्रक्शन एक्टिविटीज़, साथ ही मौजूदा जेल परिसर में चल रहे काम तय नियमों के हिसाब से सख्ती से किए जाएं। जेल डीजी ने शपथ पत्र में बताया कि रायपुर ज़िले के गोढ़ी गाँव में एक नई जेल बनाने का प्रस्ताव है, जिसकी क्षमता 4000 लोगों की होगी। साथ ही शपथ पत्र में बताया गया कि मॉडल प्रिज़न मैनुअल, 2016 में दिए गए नियमों के अनुसार कैदियों को रिहा किया गया है। शासन के एडवोकेट की ओर से कहा गया कि कैदी अधिकार और सुधार अधिनियम के निए नियमों के हिसाब से नई जेल बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की डीबी ने इस मामले को दूसरे जुड़े हुए मामलों के साथ लिस्ट करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 13 जून को होगी।

## शासन ने कहा- प्रदेश की खराब सड़कों की मरम्मत का काम जारी

बिलासपुर। प्रदेश की जर्जर सड़कों को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में मंगलवरा को सुनवाई हुई। डिवीजन बेंच ने लोक निर्माण विभाग से पूछा कि नेहरू चौक से पेंड्रीडीह (रायपुर रोड) तक सड़क के समुचित पुनर्निर्माण के लिए लगभग 46 करोड़ रुपए की राशि कब तक जारी हो जाएगी और आखिर इसमें देरी क्यों हो रही है। शासन की ओर से कहा गया कि एनआईटी रायपुर की विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा गया था और अब सभी काम कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही सड़कों पर मवेशी और कटघोरा के पास बन रहे ओवरब्रिज पूरा न होने पर राज्य शासन, राष्ट्रीय राजमार्ग से शपथ पत्र पर जवाब मांगा गया है।

हाईकोर्ट ने प्रदेशभर की खराब सड़कों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ शहर के भीतर आने वाली प्रमुख सड़कों की स्थिति पर भी कोर्ट ने रिपोर्ट मंगवाई थी। इससे पहले रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और पेंड्रीडीह बाईपास से नेहरू चौक तक सड़क की खराब स्थिति पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा कि केवल किनारों की सफाई या रंगाई-पुताई नहीं, बल्कि सड़क का वास्तविक पुनर्निर्माण करना जरूरी है। कोर्ट ने शासन से पूछा कि अब तक ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए, जबकि खराब सड़कों से जनता की जान को खतरा है। पूर्व सुनवाई में शासन ने सड़क अध्ययन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की दलील दी थी।

### तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव बेलतरा में फुट ओवरब्रिज का काम अधूरा

सुनवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग की ओर से बताया गया कि तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव, मलनाडीह और बेलतरा में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। पहले की अनुमानित लागत 17.95 करोड़ थी, जो अब घटकर 11.38 करोड़ हो गई है। निर्माण स्थल की संयुक्त जांच हो चुकी है। टेंडर प्रक्रिया होते ही निर्माण गुरू होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर की पेंड्रीडीह बाईपास से नेहरू चौक तक की सड़क का निर्माण कार्य अप्रैल में स्वीकृत हो चुका है, लेकिन आज तक कोई प्रगति नहीं हुई।

### जेल से छूटते ही नशीले टेबलेट की खरीदी-बिक्री का काम शुरू, मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस भी लगातार अभियान चला रही है। इसके बावजूद नशे के कारोबार पर अंकुश लग नहीं पा रहा है, क्योंकि इस कारोबार में संलिप्त लोगों को पुलिस की कार्रवाई और जेल जाने का भय भी खत्म हो गया है। यही वजह है कि जेल से छूटते ही एक आरोपी ने दोबारा नशीले टेबलेट की खरीदी-बिक्री का कारोबार शुरू कर दिया। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी के साथ उसके एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार कर दोनों के कब्जे से 73 प्रतिबंधित नशीला टेबलेट जब्त किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 29 हजार रुपए है।




# नौकरी दिलाने के नाम पर 34 लोगों से 1.05 करोड़ की ठगी, शिक्षक एवं क्लर्क गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शासकीय नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले शासकीय स्कूल के एक शिक्षक तथा प्राइवेट स्कूल के एक क्लर्क को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने मिलकर लगभग 34 लोगों को शिकार बनाते हुए उनसे 1 करोड़ 5 लाख रुपए की ठगी की है। अपने जाल में फंसाने के लिए दोनों आरोपी परिवहन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने की पूरी गारंटी देते थे। इनमें से कइयों के नाम की नियुक्ति संबंधी फर्जी आदेश पत्र भी जारी किए हैं। इस आदेश को देखकर ही कई लोग इनके झांसे में आ गए और नौकरी पाने के लालच में मोटी रकम देकर ठगी का शिकार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मंगलवार को




इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय की ओर से राजपाल बघेल ने 24 अप्रैल 2026 को राखी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सामान्य प्रशासन विभाग के नाम से 5 मार्च 2026 का एक फर्जी आदेश सोशल मीडिया में जारी हुआ है, जिसमें परिवहन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग में अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी अनुशंसा दर्शायी गई थी। यह सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। इस आदेश में फर्जी तरीके से सचिव एवं उप सचिव के डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया था। इसके साथ ही फर्जी आदेश के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे अनाधिकृत रूप से रुपए की मांग एवं वसूली की जा रही है। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मामले की गंभीरता को देखते हुए थाने में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर इसकी गहन जांच शुरू की। इसके लिए पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई थी।

विशेष टीम ने इस मामले की जांच करते हुए संदिग्ध मोबाइल नंबरों एवं डिजिटल उपकरणों का विश्लेषण कर महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की टीम ने खुटापारा डोंगरगढ़ निवासी राजेश शर्मा उर्फ राजू 53 वर्ष को पहले गिरफ्तार किया। वह शासकीय स्कूल में शिक्षक है। कड़ाई से पूछताछ के बाद उसने अपने साथी मनोज कुमार श्रीवास्तव 52 वर्ष निवासी कुम्हारपारा डोंगरगढ़ की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया। मनोज एक प्राइवेट स्कूल में क्लर्क का काम करता है। पुलिस की पूछताछ पर राजेश ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है तथा वह कर्ज में डूबा हुआ था। कर्ज चुकाने के लिए उसे बड़ी रकम की आवश्यकता थी, जिसे ईमानदारी से कमाना बहुत कठित था, इसलिए उसने शॉर्ट कट रास्ता चुना और इस ठगी के काम में उसने मनोज को भी लालच देकर शामिल किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने यह भी बताया कि अपने झांसे में लेने के बाद वे लोगों को वाट्सप के माध्यम से फर्जी नियुक्ति आदेश भेजा करते थे।

बिलासपुर

बुधवार 6 मई 2026

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी

वर्ष: 26, अंक: 45

पृष्ठ : 10+6 =16, मूल्य: 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 40.0

न्यून. 26.0

# युद्ध में झुलसी टाइल्स, गुजरात से सप्लाई ठप इसलिए छग की रियल एस्टेट की सांसें थमीं

*गैस संकट की वजह से 500 से ज्यादा प्लांट बंद, असर निर्माण कार्यों पर कीमत में भी इजाफा*

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध के कारण कमर्शियल गैस की सप्लाई प्रभावित होने के कारण टाइल्स के कारोबार पर भी बड़ा असर पड़ा है। गुजरात के मोरबी में सबसे ज्यादा टाइल्स का उत्पादन होता है। एलपीजी गैस न मिलने के कारण दो माह से यहां के पांच सौ से ज्यादा प्लांट बंद हो गए हैं। ऐसे में अपने प्रदेश में भी टाइल्स की सप्लाई नहीं के बराबर हो रही है। टाइल्स की कीमत भी 20 से 25 फीसदी बढ़ गई है। टाइल्स न मिलने के कारण सरकारी योजनाओं के साथ रियल एस्टेट की योजनाएं भी प्रभावित हो गई हैं।

गैस सप्लाई में आई कमी की वजह से देश की टाइल्स इंडस्ट्री मुश्किल दौर से गुजर रही है। इसका सबसे ज्यादा असर मोरबी पर पड़ा है, जिसे भारत की सेरामिक्स कैपिटल कहा जाता है। मोरबी में 500 से ज्यादा सेरामिक्स यूनिट्स ▶▶|शेष पेज 6 पर

### टाइल्स बनाने के लिए गैस जरूरी

टाइल्स बनाने में गैस की अहम भूमिका होती है, क्योंकि भट्ठियों को चलाने के लिए लगातार गैस सप्लाई जरूरी होती है। पहले ये प्लांट बिजली से चलते थे, लेकिन सरकार ने इन प्लांट को गैस से चलाने के लिए कहा तो ये प्लांट अब गैस से ही चलते हैं। सप्लाई में रुकावट आने से उत्पादन सीधे प्रभावित हो रहा है। भारत की सेरामिक्स इंडस्ट्री का सालाना टर्नओवर 40,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है, जिसमें मोरबी का बड़ा योगदान है। यहां से 150 से ज्यादा देशों में टाइल्स और अन्य प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट होते हैं।



### प्रदेश में कई योजनाएं प्रभावित

टाइल्स न मिलने के कारण प्रदेश में कई सरकारी योजनाएं प्रभावित हो गई हैं। प्रदेश में तीन हजार करोड़ से ज्यादा की सरकारी योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं में जिन भी योजनाओं के लिए टाइल्स की जरूरत है, उसके टाइल्स मिल ही नहीं पा रही है। इसी के साथ रियल एस्टेट में भी टाइल्स लगने वाली योजना अटक गई हैं।

### कीमत में बड़ा इजाफा

*टाइल्स कारोबारियों का कहना है कि प्रदेश में ज्यादातर टाइल्स मोरबी से ही आती है। बीते दो माह से वहां से सप्लाई कम हो रही है। जिनके पास पुराना स्टॉक है, वो भी अपना माल बेच रहे हैं। टाइल्स के दाम भी बढ़ गए हैं। ज्यादातर टाइल्स में के दाम पांच से सात रुपए फीट बढ़ा दिए गए हैं। कारोबारियों का कहना है कि बाहर से ही ज्यादा कीमत पर टाइल्स आने के कारण दाम ज्यादा हो गए हैं। अब तो पांच फीसदी फ्यूल शुल्क भी लिया जा रहा है।*

### काम प्रभावित

प्रदेश में हजारों करोड़ के सरकारी काम चल रहे हैं। जिन योजनाओं में टाइल्स की जरूरत है, टाइल्स न मिलने के कारण काम अटक गया है।

- **रूपेश सिंघल**, बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शाखा

### रियल एस्टेट की योजनाएं भी प्रभावित

रियल एस्टेट की योजनाएं भी टाइल्स न मिलने के कारण प्रभावित हो गई हैं।

- **विजय नत्थानी**, बिल्डर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान, 500 गिरफ्तार




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के 'नशा मुक्त अभियान' के तहत अब तक 500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 14.50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की गई है। यह अभियान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की पहल पर 11 अप्रैल को जम्मू से शुरू किया गया था।

### लॉरी से टकराई कार अभिनेता संतोष की मौत

**पथनमथिट्टा।** पथनमथिट्टा जिले के एनाथु में एक सड़क दुर्घटना में मलयालम अभिनेता संतोष नायर की मंगलवार सुबह मौत हो गई। दुर्घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। नायर की कार एक लॉरी से टकरा गई व इस हादसे में वह और उनकी पत्नी घायल हो गए। वाहन के 'स्टीयरिंग' से सीने पर चोट लगने के बाद नायर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद चोटों के कारण नायर की मौत हो गई।

### पेड़ की चपेट में आकर तीन महिलाओं की मौत



**कोरापुट।** ओडिशा के कोरापुट जिले में आंधी-तूफान के दौरान गिरे एक विशाल पेड़ की चपेट में आकर तीन महिलाओं की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गई। आंध्र-ओडिशा सीमा के पास नंदपुर ब्लॉक के पेडाबायलू में एक बाजार में सोमवार शाम यह घटना घटी। बारिश और आंधी-तूफान के साथ तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़कर गिर गया।

### नदी में डूबने से दो युवकों की गई जान

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में मंगलवार तड़के नदी में नहाते समय डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कोटना बीच के पास सुबह करीब सात बजे तब हुई, जब नौ लोगों का एक समूह महिसागर नदी में गया था। पुलिस निरीक्षक बी डी जडेजा ने बताया कि उनमें से कुछ लोग नहा रहे थे, तभी वडोदरा शहर के निवासी जय जोगलेकर (23) और कृष्णा राजपूत (22) गहरे पानी में चले गए।

### यूपीएससी परिणामों में होगा उपजाति का ब्योरा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सुझाव दिया है कि सिविल सेवा परीक्षा की अंतिम सूचियों में उप-जाति संबंधी विवरण शामिल किए जाएं ताकि इस बात का बेहतर ढंग से आकलन हो सके कि आरक्षण नीति के लाभ विभिन्न जाति समूहों में कैसे वितरित किए जाते हैं। यह सुझाव आरटीआई आवेदक की दूसरी अपील का निपटारा करते हुए दिया गया।

## रायपुर में झमाझम 1 घंटे में 2.6 सेमी बारिश, कई जिलों में पेड़ गिरे, सड़कें जाम

# देश में बदला मौसम, छत्तीसगढ़ में आंधी बारिश के बाद कई इलाकों में ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर

*छत्तीसगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ली है। रायपुर, बिलासपुर, कांकेर, गरियाबंद और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही समेत कई जिलों में आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कुछ इलाकों में बिजली गुल के कारण कुछ देर के लिए ब्लैक आउट रहा। राजधानी रायपुर में 1 घंटे में करीब 2.6 सेमी बारिश हुई। इधर, आंधी बारिश से पिछले 24 घंटे में बिहार में 23 और यूपी में 8 लोगों की मौत हो गई।*

मंगलवार की शाम आई तेज आंधी ने अंचल में जन जवीन को अस्त व्यस्त कर दिया। अधिकांश क्षेत्रों में तेज बारिश हुई तो बिजली गुल के कारण ब्लैक आउट रहा। कई पेड़ बीच सड़क पर गिर गए जिससे ट्रैफिक भी बाधित हुआ। बिलासपुर में शाम 6 बजे के करीब चली आंधी इतनी तेज थी कि अपनी जद में आने वाले हर चीज को नुकसान पहुंचा। कई घरों में दरवाजे तक टूट गए। बिलासपुर में कंपनी गार्डन के सामने, रिंग रोड 2 में और कोटा रोड में एक साथ दर्जन भर पेड़ आंधी की चपेट में आने के कारण जमीन से उखड़ गए और सड़क पूरी तरह से ब्लॉक हो गया। कई घरों के एलबेस्टर तक उड़ गई।

■ बिलासपुर संभाग में 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी

### गौरेला क्षेत्र में बारिश, आंधी

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में तेज आंधी का दौर काफी देर तक रहा। पेंड्रा और आसपास के इलाकों के साथ-साथ अमरकंटक में भी मूसलाधार बारिश दर्ज की गई है, जिससे तापमान में भारी गिरावट आई है और वातावरण में ठंडक घुल गई है। तेज अंधड़ के कारण पेंड्रा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक अंधेरा छा गया।



### एमसीबी में में आंधी का कहर

एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से लगभग 100 किलोमीटर दूर विकासखंड मुख्यालय जनकपुर में अचानक आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जमकर कहर बरपाया। तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश के चलते क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है।

### दिल्ली में गिरे ओले पूर्वोत्तर राज्यों में आंधी बारिश



राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चक्रवात बनने से देश के बड़े हिस्से में मौसम बदल गया है। दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक ट्रफ बनी हुई है, जिससे उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का असर है। दिल्ली में मंगलवार दोपहर को ओले गिरे। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में आंधी और तेज बारिश हुई। यूपी में आंधी-बारिश से 8 लोगों की मौत हो गई। पीलीभीत में ईंट-भट्ठे की 100 फीट ऊंची चिमनी ढह गई। बिहार में 22 जिलों में आंधी-बारिश हुई। बिजली गिरने से 7 बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हो गई। 2 महिलाएं झुलस गईं।

### चारामा में आंधी-बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पेड़ गिरने से घंटों जाम, यातायात ठप

राज्य के एक बड़े में हिस्से में मंगलवार शाम को अंधड़ और बारिश हुई। जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। राजधानी सहित आसपास के इलाको में पेड़ गिरने और बिजली बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कांकेर के चरामा में पेड़ गिरने से राज्यपाल के काफिले को 40 मिनट इंतजार करना पड़ा। महासमुंद, बलौदाबाजार में भी अंधड़ और बारिश के चलते बिजली बंद रही। आरंग, राजिम कोपरा अभनपुर में भी यही स्थिति रही। कांकेर के चारामा क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान चारामा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 पर रतेसरा के पास एक बड़ा पेड़ टूटकर गिर गया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। पेड़ गिरने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब एक घंटे तक एनएच पर जाम की स्थिति बनी रही।

### राज्यपाल का काफिला रुका

बस्तर प्रवास से लौट रहे प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका का काफिला उस समय कुछ देर के लिए रुक गया, जब मार्ग में पेड़ गिरने से अचानक सड़क जाम की स्थिति बन गई। राज्यपाल सड़क मार्ग से बस्तर की ओर से रायपुर की ओर जा रहे थे, तभी चारामा में यातायात बाधित होने के कारण उच्च अधिकारियों ने राज्यपाल को अवगत कराया और उसके बाद उनका काफिला आफीसर्स मैस में रूक गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने फुजैरा पर हमले की निंदा की, कहा- यूएई के साथ खड़ा है भारत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शहर फुजैरा पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि भारत खाड़ी देश के साथ पूरी तरह से एकजुटता से खड़ा है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। मोदी ने एक दिन पहले फुजैरा के एक प्रमुख तेल उद्योग क्षेत्र पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की, जिसमें भारतीय घायल हो गए। संयुक्त अरब अमीरात ने इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, यूएई पर हुए हमलों की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। आम नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है।

### यूएई में दागी गई थीं 15 मिसाइलें


यूएई के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसके वायु रक्षा तंत्र ने ईरान से दागी गई 12 बैलिस्टिक मिसाइलों, तीन क्रूज मिसाइलों और चार ड्रोन को नाकाम कर दिया। मंत्रालय ने पुष्टि की कि वह किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और देश की सुरक्षा को कमजोर करने के उद्देश्य से किए गए किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करेगा।

### निर्दोष नागरिकों को निशाना न बनाएं

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम इन शत्रुता और नागरिक बुनियादी ढांचे और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने पर तत्काल रोक लगाने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस स्थिति से निपटने हेतु संवाद और कूटनीति का समर्थने करता है जिससे पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बहाल हो सके।

**चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर अफरा-तफरी**

## विमान के अंदर फटा पावर बैंक, पांच यात्री हुए घायल



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। हवाई अड्डे पर एक यात्री के पावर बैंक में अचानक आग लग गई। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यात्रियों ने आगे बताया कि आग लगने के कारण विमान का केबिन धुएं से भर गया था। पांच यात्रियों के घायल होने की आशंका है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की फ्लाइट में हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हादसे में 5 यात्री घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पावर बैंक एक यात्री के बैग में रखा था।

### फ्लाइट में पावर बैंक ले जाने के नियम

फ्लाइट में पावर बैंक केवल हैंड लगेज में ले जाने की अनुमति है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा 2026 में जारी किए गए नए नियमों के अनुसार, यात्रियों को फ्लाइट में फोन और अन्य उपकरणों को चार्ज करने के लिए पावर बैंक का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। डीजीसीए के नियमों में यह भी कहा गया है कि पावर बैंक और अतिरिक्त बैटरी जैसी वस्तुओं को उड़ानों में ओवरहेड कंपार्टमेंट में नहीं रखा जा सकता है, क्योंकि ऐसे स्थानों पर आग का पता लगाना और उसे नियंत्रित करना अधिक कठिन होता है।

### इंडिगो एयरलाइंस ने जारी किया बयान

इंडिगो एयरलाइंस ने अपने एक बयान में कहा कि 5 मई 2026 को हैदराबाद से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6E 108 लैंडिंग के बाद जब स्थिर थी, तभी एक यात्री के व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में आग लगने की घटना की सूचना मिली। एयरलाइन ने आगे कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, तत्काल निकासी की गई और सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से टर्मिनल तक पहुंचा दिया गया है और उनकी देखभाल के लिए टीम तैनात है। परिचालन फिर से शुरू करने से पहले विमान की आवश्यक जांच की जाएगी। इंडिगो में हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कमराखोल में सीएम ने दूर की बिजली बिल की चिंता



**रायपुर।** प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का 4 मई को सुदूर वनांचल ग्राम कमराखोल का दौरा आमजन के लिए राहत और विश्वास का संदेश लेकर आया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के बिजली बिल की चिंता दूर की। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम पेड़ के नीचे आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को आत्मीयता से सुना और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह दृश्य शासन और जनता के बीच विश्वास के मजबूत रिश्ते का जीवंत उदाहरण बन गया।

## घुनघुट्टा नदी में नहाने के दौरान डूबने से चाचा-भतीजा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

घुनघुट्टा के खर्रा नदी में डूबने से चाचा-भतीजा की मौत हो गई, एक अन्य युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों युवक तरणताल में नहाने के नाम पर घर से निकले थे लेकिन वे अचानक ही घुनघुट्टा पहुंच गए। इस दौरान गहराई में जाने से तीनों युवक डूबने लगे। स्थानीय लोगों ने किसी तरह तीनों युवकों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया।

**तरणताल बंद होने के कारण गए थे खर्रा नदी**



### दस दिनों में दूसरी बड़ी घटना

घुनघुट्टा का खर्रा नदी इन दिनों काफी खतरनाक हो गया है। ऐसा इस लिए क्यों की ठीक इसी स्थान पर दस दिन पहले भी दो लोगों की मौत हो गई थी। 25 अप्रैल को शहर के चांदनी चौक निवासी विनीत सोनी का परिवार भी घूमने के लिए घुनघुट्टा खर्रा नदी गया हुआ था जहां नहाने के दौरान उसकी भांजी सिम्मी सोनी डूबने लगी थी। सिम्मी को बचाने के दौरान विनीत सोनी की मौत हो गई थी।

**कैबिनेट ने दी मंजूरी**

## सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से होगी 38

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट के जजों को लेकर बड़ा फैसला किया है। कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 से बढ़ाकर 38 करने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला छह साल बाद लिया गया है, जब 2019 में इसे 31 से बढ़ाकर 33 किया गया था। सरकार का कहना है कि इस कदम का मकसद सुप्रीम कोर्ट को और मजबूत करना व न्याय प्रक्रिया को तेज करना है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में 92 हजार से ज्यादा मामले लंबित हैं।

### सबसे पहले था 10 जजों का प्रावधान

सुप्रीम कोर्ट अधिनियम 1956 में मूल रूप से मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर 10 न्यायाधीशों का प्रावधान था। 1960 में इसे 13 और बाद में 17 किया गया। 1986 के संशोधन से संख्या 25 हो गई और 2009 में इसे 30 कर दिया गया। इस प्रस्ताव के बाद न्यायपालिका को मजबूत करने की दिशा में एक अहम उठाया गया है।, जो देश के न्यायिक ढांचे को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## फिर चर्चा में अफीम कांड वाला समोदा, खुलासे का दावा करने वाले सरपंच का निर्वाचन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अफीम की खेती का खुलासा होने के बाद पूरे प्रदेश में चर्चा में आए दुर्ग जिले के समोदा गांव के सरपंच अरुण गौतम के निर्वाचन को कोर्ट ने रद्द कर दिया है। समोदा के सरपंच के निर्वाचन को अनुभागीय अधिकारी न्यायालय ने शून्य घोषित किया है। सरपंच पर आरोप है कि निर्वाचन के समय उन्होंने अपने ऊपर दर्ज आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाई। नाम निर्देशन पत्रक में इसके बारे में आयोग को जानकारी नहीं दी। प्रकरण में आदेश एसडीएम हरवंश मिरी ने जारी किया।

प्रकरण के मुताबिक मामले में परिवाद ▶▶|शेष पेज 6 पर



चुनाव के समय छिपाई थी आपराधिक प्रकरण की जानकारी

जेवरा-सिरसा पुलिस ने सरपंच की तस्वीर गुंडे-बदमाशों की सूची में की शामिल

### जांच के बाद दोषी

मामले के विचारण के बाद अनुभागीय न्यायलय ने अरुण गौतम को दोषी माना। उनके निर्वाचन को शून्य घोषित कर दिया। इधर जेवरा-सिरसा पुलिस ने अरुण गौतम की तस्वीर गुंडे-बदमाशों की सूची में शामिल की है। पुलिस चौकी में तस्वीर लगाई गई है।

### 5 एकड़ से ज्यादा जमीन पर की जा रही थी अफीम की खेती

दुर्ग जिले के समोदा गांव में शिवनाथ नदी के तट पर पुलिस और प्रशासन ने लगभग 5 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में हो रही अवैध अफीम की खेती का पर्दाफाश किया है। भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के फार्महाउस में मक्के के पौधों के बीच छिपाई गई इस फसल से लगभग 14,300 से अधिक अफीम के पौधे मिले, जिनकी कीमत लगभग 7-8 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस मामले में 3 लोगों भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, राजस्थान के विकास विश्नोई और मनीष ठाकुर को गिरफ्तार किया गया था। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। भाजपा नेता को पार्टी से निकाल दिया गया है। साथ ही बुलडोजर चलाकर फसल भी नष्ट की गई है। साथ ही आरोपी के अवैध कब्जे पर भी बुलडोजर एक्शन हुआ है। यह खेती सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके की जा रही थी।

चिंतन

# ममता इस्तीफा दे देतीं तो गरिमा बनी रहती

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद सीएम पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। ऐसा करके उन्होंने अपनी गरिमा को ही कम किया है। हालांकि तकनीकी रूप से उनके इस्तीफा देने या न देने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अब ममता केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए ही यह सारा नाटक कर रही हैं, जो उन्हें शोभा नहीं देता। वास्तविकता यह है कि अगर उन्होंने अपने शासनकाल में जनता की समस्याओं के हल करने और सुविधाएं देने में दिलचस्पी दिखाई होती तो आज उन्हें इस तरह से हार का सामना न करना पड़ता। लोकतंत्र में हार-जीत होती रहती है। विजय को नम्रता और हार को बड़प्पन के साथ स्वीकार करने से व्यक्ति की गरिमा और विश्वास बना रहता है और यही भारतीय राजनीति की पहचान रही है। ममता पहले भी विपक्ष में रहते हुए आक्रामकता के लिए जानी जाती रही हैं, लेकिन चुनाव में हार पर उनकी आक्रामता राज्य के लोगों का अपमान है। हार के लिए केंद्र सरकार, एसआईआर, चुनाव आयोग और अर्धसैनिक बलों को दोषी ठहराया जाना सरासर गलत है। ममता ने ऐसा करने के बजाय उन लोगों पर अंकुश लगाया होता जो प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ रहे थे, महिलाओं की आबरू के साथ खिलवाड़ कर रहे थे और तमाम सरकारी योजनाओं के लिए कमीशन (कट मनी) वसूल रहे थे तो उनके साथ ऐसा नहीं होता। इस बार चुनाव के दौरान हिंसा न के बराबर रही। इसलिए यह कहना कि चुनाव में गड़बड़ी हुई, नितांत हास्यास्पद है। जहां तक एसआईआर का सवाल है तो वह बंगाल में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ही हुई है। ममता ने खुद एसआईआर को लेकर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके बाद खुद सुप्रीम कोर्ट को एसआईआर पूरा करवाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी। बता दें कि पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। ममता की टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। मंगलवार को कोलकाता में ममता ने आरोप लगाए कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं, इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। अब ममता विपक्ष को एकजुट करके अपनी राजनीति चला सकती हैं, लेकिन फिलहाल उनकी पश्चिम बंगाल से विदाई हो चुकी है और ममता इसे बड़प्पन के साथ स्वीकार करें और गरिमामय तरीके से कार्यालय छोड़ दें। कुल मिलाकर लोकतंत्र में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन उसे स्वीकार करने का तरीका ही किसी नेता की असली पहचान तय करता है। नैतिक जिम्मेदारी और राजनीतिक परिपक्वता अधिक महत्वपूर्ण होती है। गरिमा बनाए रखने के लिए संतुलित प्रतिक्रिया और आत्ममंथन जरूरी है। आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति सुधरती नहीं, बल्कि जनविश्वास कमजोर होता है। ऐसे समय में शांत, जिम्मेदार और सकारात्मक रुख अपनाना ही बेहतर नेतृत्व का संकेत होता है, जो भविष्य की राजनीति के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है।



चुनाव परिणाम
विकेश कुमार बडोला

# तुष्टिकरण की विदाई, राष्ट्रवाद का उदय

**पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है।**

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। बंगाल में कुल 293 में से 206 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा, 81 में तृणमूल, 2 में कांग्रेस, 2 में वामदल, 2 में अन्य विजयी हुए हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा बहुमत के लिए आवश्यक 147 से कहीं अधिक निर्वाचन-क्षेत्र जीतकर सत्तारूढ़ होने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने निर्वाचन-क्षेत्र में पराजित हुईं। उनके पूर्व सहयोगी एवं अब भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज चुनाव आयोग व केंद्रीय शासन के प्रयासों द्वारा राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है। भाजपा की ही राजनीतिक दृष्टि के साथ असम के चुनावी परिणाम देखें तो असम के कुल 126 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा 102 पर, कांग्रेस 21 पर एवं अन्य 3 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा ने बहुमत की संख्या 64 से कहीं अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त की है। पुडुचेरी के कुल 30 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ 18 पर, कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 6 पर तथा अन्य 6 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा के बहुमत की संख्या 16 से दो क्षेत्रों में आगे रही। भगवा रंग में रंगे पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा के मत प्रतिशत को देखें तो यह क्रमशः 45.84, 37.81 व 12.19 प्रतिशत रहा।

यद्यपि असम में भाजपा को अकेले ही बहुमत के आंकड़े से अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई, तथापि वह राजनीतिक गठबंधन के धर्म का पालन करते हुए अपने सहयोगियों के साथ निरंतर तीसरी बार शासन की स्थापना करेगी। यह अत्यंत विचारणीय एवं प्रशंसनीय तथ्य है। जहां पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा शासन पर विराजमान होगी, वहीं दक्षिण भारतीय राज्यों तमिलनाडु एवं केरल में से अभी केवल केरल में ही सत्तारूढ़ होने वाले दलों की स्थिति स्पष्ट है। यहां कांग्रेस अपने सहयोगी गठबंधन यूडीएफ के साथ सत्तासीन होने जा रही है। राज्य के कुल 140 निर्वाचन-क्षेत्रों में से कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन को 99 पर, सत्तारूढ़ एलडीएफ को 35 पर, भाजपा एवं अन्य दलों को 3-3 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई है। यहां बहुमत के लिए आवश्यक 71 अंकों के आधार पर कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन सत्ताधारण करेगा। तमिलनाडु के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित रहे। सत्तारूढ़ डीएमके को कुल 234 निर्वाचन-क्षेत्रों में से मात्र 65 पर विजय प्राप्त हुई, जबकि दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय का नवगठित राजनीतिक दल तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) 107 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है, जो बहुमत के 118 अंकों से 11 कम है।



एआईएडीएमके, जो भाजपा का सहयोगी राजनीतिक गठबंधन है, वह 51 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है। अन्य दलों को 11 क्षेत्रों में जीत मिली है।

तमिलनाडु के संदर्भ में विचारणीय यह होगा कि टीवीके किसके समर्थन द्वारा सत्तारूढ़ होगा अथवा यह किसका समर्थन लेकर शासन स्थापना की दिशा में आगे बढ़ेगा। तमिलनाडु में 234 में से केवल 1 निर्वाचन-क्षेत्र में ही भाजपा विजय प्राप्त कर सकी है, जबकि 2021 में भाजपा यहां 4 क्षेत्रों में विजयी हुई थी। यहां भाजपा का मत प्रतिशत लगभग 2.1 से 3 प्रतिशत के बीच रहा। इसके विपरीत, केरल में कुल 140 में से 3 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा विजयी हुई। यहां भाजपा का मत प्रतिशत 11.42 प्रतिशत रहा। तमिलनाडु की तुलना में केरल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कई अर्थों में अभूतपूर्व रहे। प्रथम तो यही है कि बड़े राज्यों, पश्चिम बंगाल एवं तमिलनाडु की जनता ने वर्षों से सत्तारूढ़ रहे राजनीतिक दलों व इनके नेतृत्वकर्ताओं पर अविश्वास प्रदर्शित करते हुए उन्हें सत्ताच्युत कर दिया। इन दोनों ही राज्यों में हिंदू कारक महत्वपूर्ण रहा। जहां बंगाल में तृणमूल की ममता ने हिंदुओं की कीमत पर मुस्लिमों के तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी थी, वहीं तमिलनाडु में स्टालिन ने हिंदुओं व हिंदू धर्म के अपमान का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा था। इसकी परिणति यह रही कि आज जनता ने न केवल इन मुख्यमंत्रियों के राजनीतिक दलों, अपितु दोनों मुख्यमंत्रियों को भी पराजित करने के लिए मतदान किया है। यदि समग्रता में देखें तो लोकतांत्रिक चुनाव की इस प्रक्रिया में हिंदुओं के भीतर सुलगती रही अपमान की लहर ने दक्षिण से लेकर पूर्वोत्तर तक स्थापित राजनीतिक शक्तियों को बुरी तरह धराशायी कर दिया है। विजयी राजनीतिक दल, उनके नेता तथा केंद्र में प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री एवं अन्य नेता तक, यह कदापि न भूलें कि चुनाव आयोग को स्वतंत्रतापूर्वक अपनी लोकतांत्रिक शक्तियों के साथ कार्य करने देने के परिणामस्वरूप ही आज बंगाल में वामपंथ व तृणमूल के कुशासन तथा तमिलनाडु, असम व पुडुचेरी में द्रविड़ों एवं कांग्रेसियों की बहुविध तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती राजनीति का पतन हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व एसआईआर अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण का जो अस्त्र चुनाव आयोग ने प्रयोग किया था, वह इस बार पश्चिम बंगाल में भी अपने लक्ष्य को भेदने में पूर्णतः सफल रहा। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में सत्तारूढ़ होने जा रही भाजपा को शासन चलाते समय इस बिंदु को अवश्य ध्यान में रखना होगा कि उनकी सत्ताप्राप्ति का माध्यम घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई का उनका वचन था, जिसका राजनीतिक व शासकीय पालन अब हर हाल में भाजपा को करना ही होगा। पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में सर्वथा क्रांतिकारी ढंग से तथा बहुसंख्यक हिंदुओं के हित में शासकीय निर्णय लिए जाने की अति आवश्यकता है, यह बात भाजपा के शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक कार्यरत नेताओं व कार्यकर्ताओं को कभी नहीं भूलनी है। यह जनादेश केवल सत्ता का हस्तांतरण नहीं, बल्कि उस छद्म धर्मनिरपेक्षता की पराजय है, जिसने सदैव बहुसंख्यक समाज की सांस्कृतिक संवेदनाओं को हाशिए पर रखा।

यह राजनीतिक उथल-पुथल प्रमाणित करती है कि लोकनिष्ठा को खंडित कर सत्ता का संचालन अब संभव नहीं। भारतीय मतदाता अब तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती नीतियों और हिंदू धर्मदर्शन के अपमान को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। विजयी दलों के लिए यह अवसर आत्ममुग्धता का नहीं, बल्कि उन संकल्पों को सिद्ध करने का है जो उन्होंने घुसपैठ और सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण के लिए किए हैं। अंततः, यह लोकतंत्र की वह नूतन स्थापना है जहां राष्ट्र प्रथम का विचार ही सर्वोपरि है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. नीलू तिवारी



# पैरानॉयड डिसऑर्डर : खामोश संकेत और बड़ा खतरा

कभी-कभी एक खबर सिर्फ सूचना नहीं होती, बल्कि समाज के भीतर छिपी किसी गहरी दरार को उजागर कर देती है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में घटी वह घटना जहां एक पिता ने अपनी ही जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी, ऐसी ही एक सच्चाई को सामने लाती है। जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी पर शक करता था, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल "शक" था या फिर एक ऐसी मानसिक अवस्था जिसे हमने समय रहते पहचाना ही नहीं? हम आज भी भावनात्मक असुरक्षा और मानसिक बीमारी के बीच के अंतर को समझने में चूक रहे हैं। पैरानॉयड डिसऑर्डर केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां व्यक्ति का मन धीरे-धीरे अपने ही बनाए संदेहों की कैद में बंद हो जाता है। उसे हर चेहरा संदिग्ध लगता है, हर व्यवहार में धोखा दिखाई देता है और हर रिश्ता असुरक्षित प्रतीत होता है। यह केवल सोच नहीं बल्कि एक विकृत यथार्थ है, जिसमें व्यक्ति जीने लगता है। ऐसे में उसके निर्णय तर्क से नहीं, बल्कि डर और भ्रम से संचालित होते हैं और यही स्थिति कभी-कभी त्रासदी का रूप ले लेती है। पैरानॉयड डिसऑर्डर की एक बड़ी समस्या यह है कि व्यक्ति खुद को बीमार नहीं मानता। उसे लगता है कि उसकी सोच सही है और बाकी लोग गलत हैं। यही कारण है कि वह इलाज से बचता है और परिवार भी कई बार इसे "जिद" या "स्वभाव" समझकर नजरअंदाज कर देता है। धीरे-धीरे यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। पुरुषों में यह विकार अक्सर अधिकार और नियंत्रण के रूप में सामने आता है। पत्नी की स्वतंत्रता, उसकी बातचीत, उसके संबंध हर चीज पर संदेह करना, धीरे-धीरे एक आदत नहीं बल्कि मानसिक जकड़न बन जाता है। समस्या तब और गहरी हो जाती है जब समाज इस व्यवहार को "सामान्य" या "पुरुष स्वभाव" कहकर स्वीकार कर लेता है। यही सामाजिक स्वीकृति इस विकार को पहचानने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। उत्तर प्रदेश की घटना इसी अनदेखी का चरम परिणाम है, जहां शक ने संवेदना को निगल लिया।

महिलाओं के संदर्भ में भी यह समस्या कम गंभीर नहीं है। कई बार महिलाएं भी पैरानॉयड सोच का शिकार हो जाती हैं, जहां वे अपने पति या परिवार के अन्य सदस्यों पर बिना कारण संदेह करने लगती हैं। पोस्टपार्टम साइकोसिस जैसी अवस्था में कुछ महिलाओं में पैरानॉयड विचार विकसित हो सकते हैं। उन्हें लग सकता है कि कोई उनके बच्चे को नुकसान पहुंचाएगा या परिवार उनके खिलाफ साजिश कर रहा है। इस मानसिक भ्रम के कारण वे असामान्य और कभी-कभी खतरनाक व्यवहार कर सकती हैं। देश और दुनिया में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मानसिक असंतुलन के कारण मां ने अपने ही बच्चे को नुकसान पहुँचाया। हालिया रिपोर्ट बताती है कि शहरी भारत में पुरुषों द्वारा मानसिक हेल्पलाइन पर कॉल करने की संख्या में 126% की वृद्धि हुई है, लेकिन फिर भी कुल मदद लेने वालों में उनकी हिस्सेदारी कम है। यानी समस्या मौजूद है पर उसे स्वीकार करने में झिझक अब भी बनी हुई है। महिलाओं की स्थिति भी अलग नहीं है, बल्कि कई मामलों में और जटिल है। आंकड़े बताते हैं कि मानसिक विकारों विशेषकर डिप्रेशन और एंग्जायटी की दर महिलाओं में पुरुषों से अधिक पाई जाती है। यहां इस लेख की सबसे बड़ी प्रासंगिकता सामने आती है। हम आज भी शक और मानसिक बीमारी के बीच का फर्क समझने में चूक रहे हैं। हम "शक" को एक सामान्य भावना मानकर नजरअंदाज कर देते हैं जबकि कई बार यह एक गंभीर मानसिक विकार का संकेत होता है। यही अनदेखी धीरे-धीरे समस्या को गहरा करती है और अंततः किसी बड़ी त्रासदी का कारण बनती है। लोग आज भी मनोचिकित्सक के पास जाने से डरते हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तो मानसिक बीमारी को कई बार अंधविश्वास या "किस्मत" से जोड़ दिया जाता है। यही सोच लोगों को सही इलाज से दूर रखती है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी भी एक चुनौती है। अगर हम समय रहते मानसिक समस्याओं को नहीं समझेंगे तो इसके परिणाम बेहद खतरनाक हो सकते हैं। अंततः यह समझना जरूरी है कि जब मन बीमार होता है, तो उसका असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह पूरे समाज को प्रभावित करता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने आसपास के लोगों के मन को समझने की कोशिश करें। उनके व्यवहार के पीछे छिपे संकेतों को पहचानें और सबसे बढ़कर एक ऐसा समाज बनाएं, जहां विश्वास, संवाद और मानसिक स्वास्थ्य को बराबर महत्व मिले। दरअसल, जब मन संतुलित होता है, तो रिश्ते सुरक्षित रहते हैं और जब मन संदेह में डूब जाता है तो सबसे मजबूत रिश्ते भी टूट जाते हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खतरनाक गर्मी का बढ़ता संकट

दुनिया के शहरों पर एक ऐसा संकट तेजी से गहराता जा रहा है, जो दिखाई कम देता है, लेकिन असर सबसे ज्यादा करता है–खतरनाक गर्मी। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी इलाकों में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित गरीबों की संख्या में लगभग 700 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। यह आंकड़ा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि आने वाले शहरी भविष्य की भयावह तस्वीर है, खासकर ग्लोबल साउथ, यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए। गर्मी का यह संकट सीधे तौर पर क्लाइमेट चेंज और अनियोजित शहरीकरण से जुड़ा है। शहरों में कंक्रीट, डामर और धातु की अधिकता प्राकृतिक हरियाली को खत्म कर देती है। इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

*– प्रदीप चन्द्राकर, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### हम यूएई के साथ



यूएई पर हुए हमलों की हम कड़ी निंदा करते हैं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। भारत यूएई के साथ पूरी तरह एकजुट है।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### जनादेश की चोरी



कांग्रेस के कुछ लोग और अन्य टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। उन्हें यह बात समझनी चाहिए - असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### नारी शक्ति का अपमान



नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले नेताओं, विरोध करने वाली पार्टियों को आज उनकी औकात दिखा दी गई है। डीएमके के स्टालिन हों, ममता बनर्जी हों या अरविंद केजरीवाल। नारी शक्ति का अपमान करने वाला हर व्यक्ति आज जवाब देने में असमर्थ है।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### लोकतंत्र विरोधी ताकतें



आज मैंने पंजाब के विधायकों से बातचीत की। आम आदमी पार्टी राष्ट्रहित में लोकतंत्र विरोधी ताकतों को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजाब की जनता आगामी चुनावों में भाजपा के अश्वमेध घोड़े को रोकेगी और लोकतंत्र की विजय सुनिश्चित करेगी।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### महिला संरा प्रमुख चुनी जाती है तो 'बेहद खुशी' होगी : चीन



चीन ने संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के लिए किसी महिला की नियुक्ति का यह कहते हुए खुलकर समर्थन किया कि अगर इस बार कोई महिला इस शीर्ष पद पर आसीन होती है तो उसे ' 'बेहद खुशी' होगी। संयुक्त राष्ट्र के 80 साल के इतिहास में अभी तक कोई महिला इस पद पर नहीं पहुंच सकी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत फू कोंग ने सोमवार को कहा, 'हम किसी महिला को महासचिव के रूप में देखकर बहुत खुश होंगे। 80 साल हो गए हैं–अगर इस बार कोई महिला महासचिव बन सकती है तो चीन इसका स्वागत करेगा।' संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस पद की दौड़ में दो महिलाओं समेत अभी चार उम्मीदवार हैं। पहली महिला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बेशेलेट और दूसरी महिला संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिन्सपान हैं। पुरुष उम्मीदवारों में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सॉल शामिल हैं। पिछले महीने चारों उम्मीदवारों ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और नागरिक संगठनों के सामने अपना–अपना दृष्टिकोण रखा और यह भी बताया कि वे इस शीर्ष पद के लिए सबसे उपयुक्त क्यों हैं।

## ऑफ बीट

### क्या परीक्षा प्रणाली बच्चों को कौशल सीखने से रोक रही ?



दुनिया भर में, खासकर अफ्रीका में, शिक्षा प्रणालियां ऐसे पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रही हैं जो रटने की बजाय आलोचनात्मक सोच और समस्या–समाधान जैसे कौशल विकसित करने पर जोर देते हैं। योग्यता–आधारित यानी कॉम्पीटेन्सी बेस्ड पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केंद्र में रखना है। इनका लक्ष्य छात्रों को एक तेजी से बदलती दुनिया के लिए तैयार करना है, जहां सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि व्यक्ति कितनी जल्दी खुद को ढाल सकता है, सोच सकता है और जटिल समस्याओं को हल कर सकता है। पारंपरिक पाठ्यक्रमों के विपरीत, जो अक्सर तथ्यों को याद करने और विषयवस्तु को पूरा करने पर जोर देते हैं, ये नए पाठ्यक्रम इस बात पर केंद्रित हैं कि छात्र जो सीखते हैं उसे वास्तविक जीवन में कैसे लागू करते हैं। उदाहरण के लिए, केवल वैज्ञानिक परिभाषा याद करने के बजाय छात्रों से यह पूछा जा सकता है कि वे किसी अवधारणा का उपयोग करके यह समझाएं कि बीमारियां कैसे फैलती हैं। हालांकि इस बदलाव पर चर्चा में अक्सर शिक्षकों की तैयारी, संसाधनों की कमी और पाठ्यक्रम के सही क्रियान्वयन जैसी चुनौतियों पर ध्यान दिया जाता है लेकिन ये सभी कारण पूरी तस्वीर नहीं बताते।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स–271018
ई–मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब–साइट: www.haribhoomi.com

## बंगाल चुनाव में नजर आया चौंकाने वाला ट्रेंड

# एसआईआर में जहां पर कटे सबसे ज्यादा नाम, वहां टीएमसी ने किया कब्जा

पश्चिम बंगाल के नतीजों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का असर कैसे दिखा? हालांकि अंतिम आंकड़े अभी तय हो रहे हैं लेकिन दो ऐसे शुरुआती रुझान निकलकर सामने आए हैं जो चौंका रहे हैं। बंगाल की जिन 20 सीटों पर सबसे अधिक नाम हटाए गए उनमें से 13 सीटें तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जीतीं, 6 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने और 1 सीट पर कांग्रेस ने कब्जा किया। वहीं 187 सीटों पर 5,000 से ज्यादा नाम हटाए गए। उनमें भाजपा ने 119 सीटें जीतीं या बढ़त बनाई।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक अखबार द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि इन 187 सीटों में से 47 सीटों पर हटाए गए मतदाताओं की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा थी। बीजेपी की 119 सीटों में से 28 सीटों पर हटाए गए मतदाताओं की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा थी। इन 28 में से 26 सीटें 2021 में टीएमसी ने जीती थीं। इसी तरह टीएमसी ने इन 187 में से 65 सीटों पर जीत दर्ज की या बढ़त बनाई। इनमें से 18 सीटों पर हटाए गए नाम जीत के अंतर से ज्यादा थे। इसके अलावा 2 सीटें कांग्रेस और 1 सीट आम जनता उन्नयन पार्टी ने जीती।

**सोमवार को आए नतीजों में भाजपा ने 200 प्लस सीटें जीतकर रचा है इतिहास**



### सबसे ज्यादा नाम हटाए जाने वाली 20 सीटें

*समसेरगंज, लालगोला, भगवांगोला, रघुनाथगंज, मेटियाब्रुज, फरक्का, सूती, मोथाबाड़ी, जंगीपुर, रतुआ, करंदीघी, गोलपोखर, मालतीपुर, चोपड़ा, सुजापुर, केतुग्राम, राजारहाट न्यू टाउन, बसीरहाट उत्तर, मानिकचक, मोंटेश्वर।*

### पूरे देश में चल रहा है एसआईआर

पश्चिम बंगाल की कुल 293 सीटों के लिए सोमवार को परिणाम घोषित किए गए। वहीं फाल्ता सीट पर 21 मई को दोबारा मतदान होगा। आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने पिछले साल जून में पूरे देश में एसआईआर का आदेश दिया था जिसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से हुई और बाद में पश्चिम बंगाल समेत 9 अन्य राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में इसे लागू किया गया।

### अल्पसंख्यक मतों के बिखराव से तृणमूल को लगा झटका

पश्चिम बंगाल के स्थापित राजनीतिक समीकरणों को उलट देने वाले इस चुनाव में, भाजपा की जीत को यह निर्णायक गति केवल पारंपरिक गढ़ों में ही नहीं मिली, बल्कि मुस्लिम बहुल जिलों में अप्रत्याशित बढ़त से भी मिली है जहां बिखरे हुए अल्पसंख्यक मतों ने खामोशी से उस कहानी को बदल दिया, जो लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पक्ष में रही थी। एक दशक से अधिक समय तक, मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर दिनाजपुर जैसे जिलों में टीएमसी का दबदबा मुस्लिम मतों के लगभग पूरी तरह एकजुट होने पर आधारित रहा, जो इस क्षेत्र के बड़े हिस्सों में आबादी का 50 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सा है। वाम मोर्चे के 2011 में पतन के बाद बना और 2021 के ध्रुवीकृत चुनाव के दौरान और मजबूत हुआ यह समूह इस बार बिखरता हुआ दिखाई दिया है, जिसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। आंकड़े बेहद स्पष्ट कहानी बताते हैं। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव में इन तीन जिलों की 43 विधानसभा सीट में से केवल आठ सीट पर जीत हासिल की थी, जो अब बढ़कर 19 हो गई है। टीएमसी को 2021 में इस क्षेत्र की 35 सीटों पर जीत मिली थी, जो घटकर अब 22 सीट पर आ गई है। बाकी सीट कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और छोटे दलों की झोली में गई हैं, जिनमें हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) भी शामिल है।

### यह कहते हैं हालिया नतीजों पर राजनीतिक विश्लेषक

राजनीतिक विश्लेषक बिश्वनाथ चक्रवर्ती ने कहा, ' टीएमसी ने तर्क दिया कि नामों को हटाए जाने से उसके समर्थन आधार पर काफी असर पड़ा, वहीं चुनावी आंकड़े संकेत देते हैं कि कांग्रेस, माकपा और एजेयूपी के बीच मतों के बिखराव ने नुकसान को और बढ़ा दिया। मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण 24 परगना और बीरभूम इन पांच जिलों में कुल 85 विधानसभा सीटें हैं, जो किसी भी राज्यव्यापी चुनाव परिणाम के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यहां भाजपा के प्रदर्शन ने न केवल उसकी सीटों की संख्या बढ़ाई है, बल्कि उन क्षेत्रों में उसकी पहुंच की धारणा को भी बदल दिया है, जिन्हें पहले चुनावी रूप से उसके लिए पहुंच से बाहर माना जाता था।

### 'प्रबल सत्ता-विरोधी लहर 35 मंत्रियों में 22 हारे

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की भारी हार 'प्रबल सत्ता-विरोधी लहर और अलोकप्रियता' को दर्शाती है, क्योंकि विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत 35 मंत्रियों में से 22 को पराजय का सामना करना पड़ा। सूत्रों ने मंगलवार को चुनाव परिणामों का विश्लेषण करके बताया कि कैबिनेट मंत्रियों में से 63 प्रतिशत मंत्री अपनी सीटें नहीं जीत सके और यह दर्शाता है कि राज्य में शासन करने वाले नेतृत्व को सीधे तौर पर नकार दिया गया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में हारने वाले टीएमसी के प्रमुख मंत्रियों में भवानीपुर से ममता बनर्जी (मुख्यमंत्री), टॉलीगंज से अरूप बिस्वास (आवास, बिजली), दमदम से ब्रत्य बसु (उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा), दमदम उत्तर से चंद्रिमा भट्टाचार्य (पर्यावरण, वित्त, कार्यक्रम निगरानी), श्यामपुकुर से शशि पांजा (उद्योग, वाणिज्य और उद्यम; महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण), बिधाननगर से सुजीत बोस (अग्नि एवं आपातकालीन सेवा), चंदननगर से इंद्रनील सेन (तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास; पर्यटन) शामिल हैं।

### टीएमसी नौ जिलों में नहीं खोल सकी खाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को राज्य के 23 में से नौ जिलों में एक भी सीट नहीं मिल सकी, वहीं भाजपा ने सभी 68 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए निर्णायक बढ़त हासिल की। सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन पूर्व मेदिनीपुर जिले में देखने को मिला, जहां भाजपा ने सभी 16 सीटें जीत लीं। यह जिला भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का मजबूत गढ़ माना जाता है, जिनके प्रभाव से पार्टी ने यहां पूर्ण वर्चस्व स्थापित किया। उत्तर बंगाल के चार पहाड़ी जिलों—दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार—में भी तृणमूल और उसके सहयोगी कोई सीट नहीं जीत सके। यहां की 18 सीटों पर भाजपा का पूरी तरह कब्जा रहा।

## सरकार बनाने राज्यपाल को पत्र भेजकर मांगा 15 दिन का समय

# चार पार्टियों को गठबंधन का न्योता, विजय का प्लान तैयार

*अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' टीवीके ने तमिलनाडु में शानदार आगाज किया है। टीवीके ने 108 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया है। लेकिन पार्टी बहुमत के 118 के आंकड़े को छू नहीं पाई है अब भी वह 10 सीटें दूर है। ऐसे में खबर है कि विजय विपक्षी दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने की योजना बना रहे हैं। उनकी पार्टी वीसीके, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवाद), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और कांग्रेस से भितरखाने बातचीत कर रही है और इन पार्टियों को जल्द ही बातचीत के लिए आमंत्रण भेजा जाने वाला है।*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



टीवीके प्रमुख विजय के आवास पर बैठकें शुरू हो चुकी है। मंत्रियों के नाम पर मंथन जारी है। इस बैठक में संभावित गठबंधन पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, वीसीके और लेफ्ट पार्टी राज्य में टीवीके के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होगी। कांग्रेस को लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता. विजय सात मई को शपथ लेने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि कांग्रेस, वीसीके, सीपीआई, सीपीआई (एम) और आईयूएमएल पहले द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस का हिस्सा रहे हैं। 23 अप्रैल को हुए चुनावों में कांग्रेस ने पांच सीटें जीती हैं जबकि आईयूएमएल, सीपीआई, सीपीआई (एम) और वीसीके को दो-दो सीटें मिली हैं। अगर कांग्रेस और सहयोगी दल दरअसल टीवीके के साथ आने का फैसला कर लेते हैं तो विजय की पार्टी आसानी से बहुमत का आंकड़ा पार कर सकती है।

**यह कहा है कांग्रेस ने :** कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि पार्टी टीवीके के साथ गठबंधन पर सोच-समझकर और सामूहिक रूप से फैसला लिया जाएगा, जिसमें तमिलनाडु के हित को प्राथमिकता दी जाएगी। बहुत सी चीजों का विश्लेषण करना होगा लेकिन तमिलनाडु के लोगों ने जो जनादेश दिया है, उसे हमें स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस अपने वैचारिक रुख से समझौता नहीं करेगी और भविष्य का कोई भी निर्णय उसी के अनुरूप होगा। अंतिम फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और संसदीय समिति करेगी और वह तमिलनाडु के हित में होगा।

### राज्यपाल से 2 हफ्ते का समय मांगा

तमिलनाडु में विजय सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। उनकी पार्टी टीवीके ने तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात का समय मांगा है ताकि सरकार गठन पर चर्चा की जा सके। पार्टी ने राज्यपाल को पत्र भेजकर कहा कि वह 2 सप्ताह के भीतर अपना बहुमत साबित करने के लिए तैयार है।

### 7 को ले सकते हैं शपथ

सुपरस्टार विजय जोसेफ को आज औपचारिक रूप से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इस घोषणा के साथ ही उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, विजय 7 मई को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं।

### महज एक वोट से चुनाव हारे द्रमुक के एक मंत्री

*तिरुप्पतूर (तमिलनाडु)। तमिलनाडु की सियासत में उस वक्त अविश्वसनीय उलटफेर देखने को मिला, जब द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के निवर्तमान सहकारिता मंत्री के.आर. पेरियाकरुप्पन, तिरुप्पतूर विधानसभा सीट से महज एक वोट से चुनाव हार गए। निर्वाचन आयोग के अनुसार, तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के उम्मीदवार सीनिवास सेतुपति आर. ने 83,375 मत हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि द्रमुक के पेरियाकरुप्पन 83,374 मतों के साथ महज एक वोट से पीछे रह गए। यह मुकाबला बेहद रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ। पहले पेरियाकरुप्पन 30 मतों से आगे थे, लेकिन आखिरी गणना में टीवीके उम्मीदवार बाजी मार ले गए। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के के.सी. तिरुमरन 29,054 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।*

## राष्ट्रपति से मिले सीएम मान, रखी मांग

# राघव सहित छह की सदस्यता समाप्त करें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनसे राज्य के उन छह



राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने का आग्रह किया जो हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। पार्टी के विधायकों और मंत्रियों के साथ मान दिल्ली में राष्ट्रपति भवन गए। आम आदमी पार्टी (आप) को 24 अप्रैल को उस समय बड़ा झटका लगा था जब राज्यसभा में उसके 10 सदस्यों में से सात- राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी कि 'आप' अपने मूल्यों और मूल सिद्धांतों से भटक गई है।

### क्या यह संविधान का मजाक नहीं है?'

*राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मान ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए सात सांसदों के दल-बदल को संविधान की 'हत्या' बताया। उन्होंने कहा, 'सात सांसदों का दूसरी पार्टी में विलय करना पूरी तरह से असंवैधानिक है। मैंने राष्ट्रपति जी से इस बारे में विस्तार से बात की।' मान ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि भाजपा के पास (पंजाब में) केवल दो विधायक सीट हैं, जबकि राज्यसभा में उसके छह सांसद हैं। उन्होंने सवाल किया, 'यह कैसे संभव है? क्या यह संविधान का मजाक नहीं है?' राष्ट्रपति ने मान को आश्वासन दिया कि जवाब देने से पहले वह संवैधानिक विशेषज्ञों से परामर्श करेंगी।*

# 'जनहित याचिकाएं अब पैसा-राजनीतिक हित याचिका बन गईं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिकाओं के लगातार हो रहे दुरुपयोग पर बहुत ही सख्त और बड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि आज के समय में जनहित याचिका का मकसद पूरी तरह से बदल गया है। अब यह 'प्राइवेट इंटरेस्ट लिटिगेशन' (निजी हित), 'पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन' (प्रसिद्धि), 'पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन' (पैसे के लिए) और 'पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन' (राजनीतिक हित) बनकर रह गई है।

सुप्रीम कोर्ट के नौ जजों की संविधान पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान अदालत ने जनहित याचिकाओं के गिरते स्तर पर यह गहरी चिंता जताई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती देने वाली 2006 की जनहित याचिका के पीछे के असली मकसद पर कड़े सवाल उठाए हैं।

### धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई

**पीआईएल के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**



### अखबार की खबरों के आधार पर दायर हुई थी याचिका?

इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन की तरफ से 2006 में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को हटाने की मांग की गई थी। इस मामले में एसोसिएशन के वकील रवि प्रकाश गुप्ता ने अदालत को बताया कि यह जनहित याचिका जून 2006 में छपे चार अखबारों के लेखों के आधार पर दायर की गई थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने सख्त लहजे में कहा कि इस याचिका को तो तुरंत खारिज कर दिया जाना चाहिए था। पीठ ने कहा कि सिर्फ अखबार का एक लेख किसी को जनहित याचिका दायर करने का अधिकार कैसे दे सकता है। याचिका दायर करने के लिए अपने हिसाब से लेख लिखवाना तो बहुत ही आसान काम है।

### सबरीमाला मंदिर मामले में पहले क्या फैसला आया था?


आपको बता दें कि सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने एक बड़ा फैसला सुनाया था। उस फैसले में 4:1 के बहुमत से केरल के सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की उम्र की महिलाओं के प्रवेश पर लगे सदियों पुराने प्रतिबंध को हटा दिया गया था। अदालत ने उस समय इस पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा को पूरी तरह से अवैध और असंवैधानिक करार दिया था।

## चीन के लियुयांग में बड़ा हादसा

# पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट 26 की दर्दनाक मौत, 61 घायल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन के हुनान प्रांत में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां के लियुयांग शहर में स्थित हुआशेंग आतिशबाजी संयंत्र में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए हैं। घटना के बाद संयंत्र के 3 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। अभी करीब 61 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर अधिकारियों ने 1,500 से अधिक आपातकालीन बचाव कर्मियों, कुत्तों, ड्रोन और रोबोटों को तैनात किया है।



### 1 किमी दूर तक दिखा धमाके का असर

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद फैक्ट्री के उड़ते मलबे से कई लोगों को गंभीर चोट आई है और हड्डियां तक टूट गई हैं। घायलों की उम्र 20 से 60 वर्ष के बीच है। बीजिंग न्यूज ने बताया कि विस्फोट का असर कारखाने से लगभग 1 किलोमीटर दूर रहने वाले निवासियों के घरों तक पड़ा है। कुछ घरों की कांच की खिड़कियां और कुछ घरों में एल्युमिनियम के खिड़की के फ्रेम टेढ़े-मेढ़े हो गए। विस्फोट के कई लोग लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी संख्या का खुलासा नहीं हुआ। कुछ मीडिया रिपोर्ट में इनकी संख्या 7 बताई जा रही है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने लापता लोगों की तलाश और घायलों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों से मामले की शीघ्र जांच करने, दोषियों को कड़ी जवाबदेही के दायरे में लाने और उद्योगों में प्रभावी जोखिम को कम करने के लिए सार्वजनिक सुरक्षा प्रबंधन मजबूत करने को कहा है।

### लियुयांग करता है आतिशबाजी निर्यात का 70 % उत्पादन


*लियुयांग शहर आतिशबाजी के निर्माण के लिए जाना जाता है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा आतिशबाजी उत्पादक बताया गया है। चाइना डेली के अनुसार, लियुयांग चीन के आतिशबाजी निर्यात का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन करता है और देश के घरेलू बाजार का 60 प्रतिशत हिस्सा रखता है। इससे पहले लियुयांग में 2019 में आतिशबाजी कारखाने में हुए विस्फोट में 13 लोग मारे गए थे और 17 लोग घायल हुए थे।*

**20 साल में पहली बार हथियारों के बिना होगा सेलिब्रेशन**

# रूस ने किया एकतरफा युद्धविराम विक्ट्री डे पर नहीं करेगा अटैक

एजेंसी ▶▶| मास्को

रूस ने विक्ट्री डे की 81वीं वर्षगांठ से पहले यूक्रेन में शुक्रवार और शनिवार के लिए एकतरफा युद्धविराम का ऐलान किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने साफ चेतावनी दी है कि यदि इस दौरान मॉस्को में होने वाले समारोहों को निशाना बनाया गया, तो कीव पर कड़ा हमला किया जाएगा।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका देश भी बुधवार रात 12 बजे से युद्धविराम का पालन करने को तैयार है, लेकिन वह रूस की हर कार्रवाई का उसी तरह जवाब देगा। हालांकि, उन्होंने इस सीजफायर की कोई टाइम लिमिट नहीं तय की है। मॉस्को के रेड स्क्वायर में होने वाली विक्ट्री डे परेड की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, इस बार सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम को सीमित रखा गया है।

### ड्रोन अटैक कर सकता है यूक्रेन

आशंका जताई जा रही है कि यूक्रेन ड्रोन हमलों के जरिए रूस के भीतर तक निशाना साध सकता है। रूस ने चेतावनी दी है कि यदि समारोहों में कोई व्यवधान पैदा हुआ, तो कीव के केंद्र पर 'भारी मिसाइल हमला' किया जाएगा। इसके साथ ही वहां मौजूद नागरिकों और विदेशी दूतावासों के कर्मचारियों को शहर छोड़ने तक की सलाह दी गई है।

### विक्ट्री डे से जुड़ा है रूस का गौरव

विक्ट्री डे रूस के लिए सिर्फ एक सैन्य परेड नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और इतिहास से जुड़ा बेहद अहम दिन है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1941-45 के 'ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर' में सोवियत संघ ने करीब 2.7 करोड़ लोगों को खोया था। यही वजह है कि यह दिन रूस की सामूहिक स्मृति और देशभक्ति का प्रतीक बना हुआ है।

## दो भारतीय पत्रकारों ने जीता पुलित्जर

**न्यूयॉर्क।** भारतीय पत्रकार आनंद आर के और सुपर्णा शर्मा को डिजिटल निगरानी और साइबर धोखाधड़ी पर उनके काम के लिये प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोमवार को घोषित इस पुरस्कार में आनंद और शर्मा को 'इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग एंड कमेंट्री' श्रेणी में यह सम्मान मिला। इस पुरस्कार को उन्होंने ब्लूमबर्ग की नताली ओबिको पियर्सन के साथ साझा किया। पुलित्जर पुरस्कार पत्रकारिता, साहित्य और संगीत रचना के क्षेत्र में दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में गिना जाता है। पुलित्जर पुरस्कार की वेबसाइट के अनुसार, 'ट्रैप्ड' शीर्षक से ब्लूमबर्ग के लिए तैयार की गई यह खबर भारत की एक न्यूरोलॉजिस्ट की रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी बयां करती है, जिन्हें जालसाजों ने 'डिजिटल अरेस्ट' किया था। तस्वीरों और शब्दों के अनूठे संगम से तैयार इस खबर ने डिजिटल निगरानी और साइबर ठगी के बढ़ते वैश्विक खतरे को बेहद प्रभावशाली तरीके से उजागर किया।

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक /201/न.पा.प./ लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 05 .05 .2026

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी.आर के रूप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 190260 | वार्ड क्रमांक 10 खंती के चारो तरफ नाली निर्माण कार्य। | 10.17 | 7700.00 |
| 2 | 190282 | वार्ड क्र. 16 सुधा अग्रवाल (गुरुद्वारा) से बस स्टैण्ड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 11.12 | 8500.00 |
| 3 | 190310 | वार्ड क्रमांक 14 व 18 में गुरू घासीदास चौक से मुक्तिधाम तक इलेक्ट्रिक पोल कार्य । | 21.99 | 16500.00 |
| 4 | 190307 | वार्ड क्रमांक 18 रायगढ़ रोड मंडी गेट से आडिटोरियम, स्पोर्टस काम्पलेक्स तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 24.22 | 18200.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद् खरसिया**

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LTD**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF CHIEF ENGINEER (HUMAN RESOURCE), RAIPUR
PHONE NO. (दूरभाष): 0771-2574700, 2574114 FAX NO.(फैक्स): 0771-2574700
Website (वेबसाइट): https://cspc.co.in Email (ईमेल): hr.csptcl@cspc.co.in

No. 01-01/Sec./AE/TS-225/I/405232/2026 Raipur, Date : 04-05-2026

**NOTICE INVITING TENDER**
(Online Tender through GeM)

| GeM Bid No. | Description | Due Date & Time for submission of Tender |
|---|---|---|
| GEM/2026/ B/7494762 | Deployment of 11 Computer Operator & 07 Peon by outsourcing for various offices of CSPTCL, Raipur through GeM. | 25.05.2026 up to 15:00 Hrs. |

Note : * The above tender will be processed through GeM portal i.e. www.gem.gov.in. ** Please see company website cspc.co.in - CSPTCL - Tender notices for any further details e.g. due date extension etc and the detailed tender document will be available on GeM Portal. **Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.** *** Helpline Details- In case of any problem please contact: - Tel. no.- 0771-2574114 between Business hours- 10:00 - 17:30 hrs. IST.

**Chief Engineer (HR)**
**CSPTCL, Raipur**

"SAVE ELECTRICITY"

**इंडियनऑयल**
CIN – L23201MH1959GOI011388
IndianOil

विपणन विभाग मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय

**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को पैनल डॉक्टर की आवश्यकता है**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (विपणन विभाग), इंडेन एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, ग्राम- गोपालपुर, एनएच-149बी, कोरबा कटघोरा रोड, जिला- कोरबा (छत्तीसगढ़)- 495450 में अंशकालिक डॉक्टर-इन-अटेंडेंन्स के पद के लिए चिकित्सा पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित हैं। यह नियुक्ति रिटेनरशिप के आधार पर होगी। डॉक्टर (मेडिसिन)/एमएस (जनरल सर्जरी)/एमबीबीएस की योग्यता और जनरल प्रैक्टिशनर के रूप में 5 वर्ष का अनुभव रखने वाले डॉक्टर आवेदन करने के पात्र हैं। हालांकि, एमबीबीएस की तुलना में एमडी (मेडिसिन)/एमएस (जनरल सर्जरी) की योग्यता रखने वाले डॉक्टरों को प्राथमिकता दी जाएगी। एमडी (मेडिसिन)/एमएस (जनरल सर्जरी) की योग्यता रखने वाले डॉक्टरों के लिए रिटेनर शुल्क 1535 रुपये प्रति घंटा होगा। एमबीबीएस की योग्यता रखने वाले डॉक्टरों के लिए रिटेनर शुल्क 1190 रुपये प्रति घंटा होगा। आईओसीएल द्वारा प्रस्तावित अगले संशोधन के अनुसार इसमें संशोधन किया जाएगा। पारिश्रमिक का भुगतान वास्तविक उपस्थिति के आधार पर किया जाएगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन सीलबंद लिफाफे में भेजें, जिस पर "इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (विपणन विभाग), इंडेन एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, ग्राम- गोपालपुर, एनएच-149बी, कोरबा कटघोरा रोड, जिला- कोरबा (छ.ग.)- 495450" लिखा हो। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.05.2026 है। आवेदन निम्नलिखित प्रारूप में होना चाहिए।

**1. नाम 2. जन्म तिथि: 3. योग्यता: 4. अनुभव: 5. निवास और क्लिनिक का पता, टेलीफोन नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सहित:**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया ईमेल आईडी **satyendrasingh@indianoil.in** पर लिखें या श्री सत्येंद्र सिंह से मोबाइल नंबर **+91- 7771002311** पर संपर्क करें।

# मनोकामना पूरी करते हैं ठाकुरदीया

आस्था

डिहुर राम निर्वाण

धमतरी जिले के मगरलोड वि. ख. मुख्यालय से उत्तर में 20 कि मी की दूरी पर सोंढूर पैरी से उदगम एवं समागम होने वाला धनुषाकार नाला के तट पर आस्था के सोपान स्वरुप केंद्र ठाकुरदीया है, जो भेंडरी ग्राम के पावन भूमि पर स्थापित है। ठाकुरदीया के पश्चिम में शीतला माता मंदिर व जुन्ना तालाब है।इसके उत्तर में बरदेबाबा मंदिर, दक्षिण में ढेका नायकों का व्यावसायिक स्थल तथा पूर्व में मनोरम स्थल जोराबर है। यहां पर मुरिया माड़ियों का निवास स्थान भी है। ठाकुरदीया स्थल पुरातात्विक महत्व के स्थलों के रूप में भी जाना जाता है। अनेक धार्मिक उत्सवों में इस देवता की विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता है कि भक्तों की मनोकामना यहां अवश्य पूरी होती है, इसलिए हमेशा भक्तों की भीड़ यहां देखी जाती है।



### सामाजिक और जनजातीय जुड़ाव

ठाकुरदीया का संबंध मुरिया और माड़िया जनजातियों से भी है। यहाँ का ढेका नायकों का व्यावसायिक स्थल इस बात का प्रमाण है कि प्राचीन समय में यह स्थान व्यापार और मेल-मिलाप का एक बड़ा केंद्र रहा होगा। यह स्थल जनजातीय संस्कृति और उनकी पूजा पद्धतियों को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### पुरातात्विक महत्व

ठाकुरदीया को एक पुरातात्विक स्थल के रूप में भी पहचाना जाता है। यहाँ बिखरी हुई प्राचीन मूर्तियाँ, नक्काशीदार पत्थर और संरचनाएँ इस क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास की गवाही देती हैं। इतिहासकारों के अनुसार, यह क्षेत्र प्राचीन काल में किसी महत्वपूर्ण सभ्यता या राजवंश का हिस्सा रहा होगा, जिसके अवशेष आज भी यहाँ देखे जा सकते हैं।

### उत्सव और पर्यटन

यहाँ साल भर धार्मिक उत्सवों का आयोजन होता है, जिसमें मुख्य रूप से मड़ई और मेले का आयोजन विशेष होता है। भक्तों की भीड़ और आसपास का शांत वातावरण इसे एक बेहतरीन आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र (**Spiritual Tourism**) बनाता है।

परंपरा

सरला शर्मा

## ससुराल म बहू ल नवा नाव दे जाथे



हमन देखथन त पता चलथे कई ठन चलन हमर राज म अइसे हे जेहा दूसर राज म देखे या सुने बर नी मिलय। हमर राज म सुघर रिवाज हे कि जब नवा बहुरिया ससुराल आथे त महतारी ददा के राखे वोकर नाव ह मइके मे छूट जाथे। ससुराल मे बहू ल अलग नाव मिल जथे। अऊ उही नाव ह वोकर चिन्हारी बन जथे। कोनो रायपुर ले आए रथे त वोला रायपुरहिन, बिलासपुर ले आथे त बिलासपुरहिन, रायगढ़ ले आथे त रायगढ़हीन, नादगाव ले आए रथे तेला नन्दगहिन कहीथें। फेर उही बहू ह लइका के महतारी बन जथे त जेन नाव के रखे जाथे वो नाव ले बलाथे। जइसे गोलू नाव लइका के रही त गोलू के महतारी, पिंटू नाव रही त पिंटू के महतारी। जात गोत ल लेके घलो चिन्हारी मिलथे जइसे पंडित बबा, राउत बबा। लोगन के रूप रंग ल देखके घलो नाव रखे जाथे। अमीर गरीब के कुछु नाव घलो आ जाथे जइसे गौटिया घर के गौटनिन, महराज घर के महाराजीन, साहूकार घर के साहूकारिन। ये नाव ह मनखे ल अलग पहिचान घलो देथे।

चिन्हारी

टीकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '

## बिहतरा बाजा के सुर के मधुरता नंदावत हे




आधुनिकता के चकाचौध, विज्ञान, तकनीकी अऊ लोगन के व्यर्थ आडंबर के चलत बिहतरा बाजा विलुप्ति के कगार म हे। बाजा म चमड़ा के उपयोगिता के मनाही ले घलो पारम्परिक बिहतरा बाजा ह लोगन ले दूरिहाइस। विज्ञान के खोज ले नवा नवा जिनिस के उपलब्धि जइसे बाजा म लकड़ी के जगा धातु अउ चमड़ा के जगा म प्लास्टिक के उपयोग ले घलो हमर गांव देहात ले पारम्परिक बिहतरा बाजा नई सुहाय। फेर हा कतको अउ कुछु आधुनिक बाजा आ जाय हमर बिहतरा के पार नी पाय। वो धुन, स्वर, वो लय नई मिलय सुने ल आजकल के बाजा म। अउ हम छत्तीसगढ़िया हरन। हमर बर बिहाव म हमर पारम्परिक बाजा ही बजना चाही। त हम कोसिस करन कि हमर बिहतरा बाजा ह पारम्परिक धरोहर के रूप म संवरे अउ संरक्षित रहय। तभे लोक पारम्परिक विहाव गीत सार्थक लगही-

*बाजा बाजा कथस रे समधिन,*
*कहां ले बाजा पाबे रे...।*
*बाजा वाले ल डऊका कहिबे,*
*तभे तो बाजा पाबे रे...।*


# हजारों वर्ष की पाण्डुलिपि संग्रहित हैं मल्हार नगर के एक निजी संग्रहालय में

धरोहर

राजेश पांडे



सोमवंशीकालीन सातवीं शताब्दी का पांडुलिपि मल्हार नगर के रघुनंदन प्रसाद पांडे के निजी संग्रहालय में रखी गई है। इसके अलावा यहां दुर्लभ संग्रह है जिसको उनके सुपुत्र संजीव पांडे द्वारा रखरखाव किया जा रहा है। इस विषय में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के इतिहास विभाग के अवकाश प्राप्त अध्यक्ष तथा मल्हार उत्खनन टीम में शामिल डॉक्टर के के त्रिपाठी ने बताया कि तीन पट्टी वाला ताम्रपत्र सोमकालीन महाशिव गुप्त बाल अर्जुन ई 595 का है। उक्त लेख पट्टीका नागरी लिपि में है जिसका अनुवाद उपसंचालक पुरातत्व विभाग एवं संग्रहालय संरचनालय रायपुर द्वारा किया गया था। ताम्रपत्र निकट के ग्राम जुनवानी में किसी कृषक को मिला था। तीन परत वाला यह ताम्रपत्र प्रत्येक की चैड़ाई 21.5 सेंटीमीटर और ऊंचाई 14.5 सेंटीमीटर है इनका एक का वजन 765 ग्राम तथा ताम्रपत्र में 23 पंक्तियां हैं। पांचवी से छठवीं शताब्दी में उक्त ताम्रपत्र राजवंशों द्वारा जारी किया गया था। एक ताम्र पत्र में मध्य भारतीय ब्रह्म लिपि में 11 पंक्तियों का लेख उत्पन्न है इसे



पांचवीं शताब्दी का माना गया है। डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कद वाजपेई ने इन ताम्र पत्रों की विवरण की पुष्टि पहले किया था। घासीदास संग्रहालय रायपुर में भी यहां का सामग्री रखा गया है। पूर्व काल में मोर पंख के कलम और भोजपत्र के द्वारा सर्वप्रथम पांडुलिपि लिखने का प्रचलन था। पांडुलिपि का चलन पूर्व द्वापर युग में महाभारत में भगवान वेदव्यास गणेश जी द्वारा किया गया था जो चारों युग में चलते आया है।

पर्यटनः डा डी पी देशमुख

# पर्यटकों को लुभाता सरईपतेरा जलप्रपात



जिला मुख्यालय खैरागढ़ से लगभग 62 कि.मी.की दूरी पर छुईखदान विकासखंड के साल्हेवारा से 20 कि.मी.सरईपतेरा गांव के जंगल के बीच 120 फिट ऊंचा अत्यंत ही खूबसूरत एवम प्राकृतिक जलप्रपात है-ठाड़पानी। राज्य के नवगठित जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के अंतिम छोर में मध्यप्रदेश सीमा से लगा हुआ इसे राज्य का सबसे ऊंचा जलप्रपात माना जाता है क्योकि बस्तर स्थित 110 फिट ऊंची तीरथगढ़ जलप्रपात की तुलना में इसकी ऊंचाई 10 फिट अधिक है। इसके बावजूद आवागमन की असुविधा व रिजर्व फारेस्ट के कारण सड़क मार्ग विकसित नहीं होने से यह जलप्रपात जनमानस की नजरों से ओझल है। उल्लेखनीय बात यह है कि इसके आसपास धांस जलधारा, कुंआ धांस जलप्रपात, नाथेल जलप्रपात, कउरवा जलप्रपात, भोथली-भुजारी का जलप्रपात और छिंदारी डैम जैसे अन्य नैसर्गिक स्थलों के कारण इस क्षेत्र को पर्यटकों के लिए पैकेज टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा सकता है।

घने जंगलों के बीच छुपा यह जलप्रपात ऊंचे पहाड़, घाटियां, कल-कल करती झरने की आवाज से मन को प्रफुल्लित कर देता है और सैलानी स्वस्फूर्त यहाँ आने के लिए आकर्षित होते हैं। जंगल में साजा, सरई, सागौन,तेंदू, जंगली केला,जंगली हल्दी जैसे कई तरह के पेड़-पौधे हैं जो पर्यटकों के लिए दर्शनीय है। यह जलप्रपात अगरनदी से मिलकर कर्रानाला जलाशय में समाहित हो जाता है।

सुरता

रामेश्वर गुप्ता

## प्रकृति के कुशल चितेरे रहे बाबू प्यारेलाल गुप्त

शिक्षक पिता कुशल प्रसाद गुप्ताजी के घर 17 अगस्त 1891 को जन्म लेने वाले प्यारेलाल गुप्त को साहित्य साधना विरासत में मिली। आपके पिता ने राधाकृष्ण विहार नामक काव्य की रचना ब्रजभाषा में की थी। गुप्त जी की शिक्षा मैट्रिक तक हुई। बाद में उन्होंने स्वाध्याय छात्र के रूप में हिन्दी, मराठी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी में अपनी पकड़ बनाई। गुप्तजी के पूर्वज रतनपुर में ही बसकर अपना जातीय व्यवसाय करते थे। यहीं कोआपरेटिव बैंक में 32वर्ष तक मैनेजर पद पर कार्य किए। आप गद्य और पदया पर लेखन करते रहे। अनेक पुस्तकों का प्रकाशन आपने कराया। आपकी रचनाओं में प्रकृति प्रेम स्पष्ट झलकती है -



जब पानी बरसे लागिस तब धरती माता जागिस।

अउ लिहिस जबे अंगड़ाई तौ चंवर करिस पुरवाई।

14मार्च 1976 को गुप्तजी इस दुनिया से अलविदा हो गए, लेकिन उनकी अमर रचनाएं आज भी साहित्य जगत में नक्षत्र की भांति चमक रहे हैं।

गांव की कहानी : कंवल प्रसाद

# अड़भार में दिखाई देती है अनेक विशेषता

छत्तीसगढ़ के जिला जांजगीर चाम्पा के तहसील एवं वि. ख. मालखरौदा में समुद्र तल से लगभग 248 मी पर अड़भार ग्राम स्थित है। ग्राम का प्राचीन नाम अष्टद्वार था। कोरबा के समीप पहाड़ी पर ब्रम्हलिपि के एक शिलालेख में उल्लेख से होती है, लिपि के आधार पर यह लेख मौर्यकालीन है। एक मान्यता के अनुसार ग्राम के मंदिर में अष्ट द्वार होने के कारण नाम अष्टद्वार से अपभ्रश होकर अड़भार हो गया। यहां पर प्राचीनतम वेधशाला है। इस वेधशाला को देखने पर लगता है कि छठवी शताब्दी तक स्थापत्य कला और भवन निर्माण कला में काफी उन्नति हो चुकी थी। यहां के इस प्रसिद्ध मंदिर में ज्यामितीय, त्रिकोणमितीय, ज्योतिष, स्थापत्यकला, वास्तुकला, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, खगोल एवं धर्म शास्त्र आदि विषयों का खुलकर प्रयोग किया गया है। कई रहस्यात्मक तरीके से नष्ट कर दिए गए हैं। यहां पुरातत्विक महत्त्व के अनेक अवशेष तथा शिलालेख बिखरे पड़े देखे जा सकते हैं जो कई रहस्यों को उजागर करने के लिए काफी हैं।



### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

## खबर संक्षेप




### सबसे अधिक स्पैम कॉल में भारत पांचवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया में पांचवें सबसे अधिक स्पैम कॉल प्रभावित देशों में शामिल है। बिक्री और टेलीमार्केटिंग कॉल्स इस समस्या का प्रमुख कारण बनी हुई हैं। कॉल करने वालों की पहचान की सुविधा देने वाले मंच 'ट्रूकॉलर' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। स्पैम कॉल से सबसे अधिक प्रभावित देशों की वैश्विक सूची में इंडोनेशिया शीर्ष पर है। इसके बाद चिली, वियतनाम और ब्राजील का स्थान है।

### एनएचपीसी की सुबनसिरी इकाई से बिजली आपूर्ति शुरू


**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएचपीसी ने 2,000 मेगावाट क्षमता वाली सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की चौथी इकाई से वाणिज्यिक रूप से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी है।



एनएचपीसी अरुणाचल प्रदेश और असम की सीमा पर उत्तर लखीमपुर के पास इस जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही है। इसमें 250-250 मेगावाट की आठ इकाइयां शामिल हैं और इसकी अनुमानित लागत लगभग 27,000 करोड़ रुपये है।

### पीएनबी का मुनाफा 14 फीसदी बढ़कर 5,225 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 5,225 करोड़ रुपये हो गया। ऋणदाता का इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 4,567 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय हालांकि घटकर 36,319 करोड़ रुपये रह गई जो एक वर्ष पहले 36,705 करोड़ रुपये थी।




### रुपया दो पैसे टूटकर निचले स्तर 95.25 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को दो पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। यह गिरावट खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बाद आई है। इससे आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं और निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों में निवेश से बच रहे हैं।



# जेएलआर ने ब्रिटेन से आयातित एसवी मॉडलों के दाम 75 लाख रुपए तक घटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के फायदे को पास-ऑन करते हुए जगुआर लैंड रोवर(जेएलआर) इंडिया ने अपनी लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर एसवी मॉडल्स की कीमतों में कटौती की है। फ्लैगशिप रेंज रोवर एसवी की शुरुआती कीमत अब 4.25 करोड़ रुपए से घटकर 3.50 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) हो गई है, यानी पूरे 75 लाख रुपए की बचत होगी। साथ ही रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी एडिशन टू की कीमत 2.75 करोड़ रुपए से घटकर 2.35 करोड़ रुपए रह गई है। इसकी कीमत में भी 40 लाख रुपए की कटौती हुई है। इसके अलावा एक नया बेस स्पोर्ट एसवी वेरिएंट भी 2.05 करोड़ रुपए में लांच किया गया है। ये कटौती यूके से इंपोर्टेड सीबीयू मॉडल्स पर ड्यूटी कम होने (110% से 30% के आसपास पहले साल) का सीधा फायदा है। इससे पहले सितंबर 2025 में जीएसटी सुधारों से भी कीमतें 30 लाख रुपए तक घटी थीं। जेएलआर पहला लग्जरी ब्रांड है, जो एफटीए के फायदे को कस्टमर्स तक पहुंचा रहा है। नई कीमतें तुरंत लागू हो गई हैं, जिससे हाई-एंड लग्जरी एसयूवी सेगमेंट और आकर्षक हो गया है। फीचर्स की बात करें, तो लिस्ट में मेरिडियन सिग्नेचर साउंड सिस्टम, 13.1-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट, हेड-अप डिस्प्ले, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, 3डी सराउंड कैमरा, रिमोट पार्क असिस्ट, मेमोरी फंक्शन वाली सीट्स और मल्टीपल ड्राइव मोड्स शामिल हैं।

## जगुआर लैंड रोवर को भारत-यूके फ्री एग्रीमेंट का मिला फायदा

### डिजाइन और इंटीरियर

रेंज रोवर एसयू में मॉडर्न और रिडक्टिव एक्सटीरियर डिजाइन है। एक्सक्लूसिव फ्रंट ग्रिल, बंपर, कंट्रास्टिंग रेंज रोवर स्क्रिप्ट और एसयू सिरेमिक राउंडेल इसे अलग पहचान देते हैं। 23-इंच व्हील्स, एलईडी हेडलाइट्स और स्लीक प्रोफाइल इसे प्रीमियम रोड प्रेजेंस देते हैं। लॉन्ग व्हीलबेस (एलडब्ल्यूबी) वर्जन में स्पेस और प्रेजेंस दोनों बढ़ जाते हैं।



### केबिन अल्ट्रा लग्जरी

केबिन अल्ट्रा-लग्जरी है। इसे सेमी -एनीलाइन या नीयर एनीलाइन लेदर अपहोल्स्ट्री, एक्सक्लूसिव डुअल-टोन कलर स्कीम्स, हॉट स्टोन मसाज के साथ 24-वे एडजस्टेबल हीटेड-वेंटिलेटेड सीट्स और एक्जीक्यूटिव क्लास रियर सीट्स मिलती है। हाई-क्वालिटी मैटेरियल्स, एम्ब्रॉयडरी और सेंसरी फ्लोरिंग कम्फर्ट को अगले लेवल पर ले जाते हैं। रियर पैसेंजर्स के लिए लग्जरी लाउंज जैसा एक्सपीरियंस मिलता है।

## कैबिनेट में और भी लिए गए कई निर्णय, गन्ने की एमआरपी बढ़ाई गई

# एमएसएमई व एविएशन सेक्टर को बूस्ट देगी मोदी सरकार, 18,100 करोड़ रुपए फंड का हुआ ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को एमएसएमई, एयरलाइन और अन्य कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की घोषणा की।

- पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इससे 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह उपलब्ध होने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली यह योजना पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) दोनों की मदद करेगी।



**आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने में मदद मिलेगी:** वैष्णव ने कहा कि यह योजना इन क्षेत्रों को बैंक और वित्तीय संस्थानों से अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने में मदद करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना से संबंधित कंपनियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने, रोजगार सुरक्षित रखने और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### रोजगार बनाए रखने में मदद मिलेगी

सरकार ने कहा कि समय पर नकदी उपलब्ध कराकर यह योजना कारोबार को स्थिर रखने और रोजगार बनाये रखने में मदद करेगी। इससे देश के उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी।

### दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

केंद्र सरकार ने दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी। इसमें 3,936 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इन परियोजनाओं को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत मंजूरी दी गई है।

### वडिनार में बनेगा अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र

केंद्र सरकार ने गुजरात के वडिनार में 1,570 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस परियोजना को दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड संयुक्त रूप से लागू करेंगे।

### कपास उत्पादकता बढ़ाने 5,659 करोड़ मंजूर

सरकार ने कपास क्षेत्र में घटती वृद्धि, उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए 5,659.22 करोड़ रुपये के एक पंचवर्षीय मिशन को मंजूरी दी। यह मिशन कपास क्षेत्र की बाधाओं को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। नवीनतम अनुमानों के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में देश का कपास उत्पादन 170 किलोग्राम की गांठों के हिसाब से 291 लाख गांठ रहा है।

### सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्य 10 रुपए बढ़ाया

सरकार ने अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया।

# मिड ईस्ट संकट भारत की जीडीपी वृद्धि दर को नीचे ला सकता है : सीआईआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




उद्योग मंडल सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष, समुद्री आपूर्ति में बाधाएं और ऊंची ऊर्जा कीमतें भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और देश की सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से नीचे ला सकती हैं।

- देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे आ सकती हैं

मेमानी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुआ मौजूदा ऊर्जा संकट यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा जोखिम बन सकता है। उन्होंने बातचीत में कहा, यदि पश्चिम एशिया का यह संकट समय पर सुलझ जाता है, तो आर्थिक वृद्धि की रफ्तार फिर तेज हो सकती है और यह 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रह सकती है। लेकिन यदि यह बहुत लंबे समय तक खिंचता है, तो वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे रह सकती है।

# चांदी 1,500 रुपए मजबूत सोना 300 रुपए फिसला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोने की कीमत सोमवार को 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को भी सोने पर दबाव बना रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और समग्र व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर इसके प्रभावों को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।'' गांधी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की नाजुक सुरक्षा स्थिति ने ऊर्जा-जनित मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक सख्त मौद्रिक नीति जारी रहने की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। गांधी ने कहा, ''अब जब यह संघर्ष अपने दसवें सप्ताह में है, तो बदलते व्यापक आर्थिक हालात के जवाब में निवेशक डॉलर और बॉन्ड को तरजीह दे रहे हैं, जबकि वे सोने से दूरी बनाए हुए हैं।

- चांदी बढ़कर 2.51 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम पहुंची

### संघर्ष विराम को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ

ऑगमोंट की शोध प्रमुख, रेनीशा चेनानी ने कहा कि इस क्षेत्र में फिर से भड़की हिंसा ने चार सप्ताह से चल रहे संघर्ष-विराम के प्रयासों को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है।

### मैरिको का लाभ 18 फीसदी उछलकर 408 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी मैरिको लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.26 प्रतिशत बढ़कर 408 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 345 करोड़ रुपये रहा था। मैरिको लिमिटेड ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 3,333 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2,730 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल खर्च सालाना आधार पर 2,336 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,889 करोड़ हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 1,813 करोड़ रुपये रहा जो 2024-25 में 1,658 करोड़ रुपये रहा था।

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

### सूचना

क्रमांक 8694/ दो-14-1/2025 बिलासपुर, दिनांक 05/05/2026
Adv. No. 04/2025 (JJA(Comp.))

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की स्थापना द्वारा सूचना क्रमांक 8106/दो-14-1/2025 बिलासपुर, दिनांक 28/04/2026 जारी कर कनिष्ठ न्यायिक सहायक (कम्प्यूटर) (Junior Judicial Assistant (Computer)} के पदों की कौशल परीक्षा में उपस्थित समस्त 47 अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया था है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक / तकनीकि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति को छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ई-मेल पर दिनांक 05/05/2026 को रात्रि 12.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

चूंकि आज दिनांक तक उक्त ई-मेल पर किसी भी अभ्यर्थी के दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः उक्त पद की कौशल परीक्षा में उपस्थित समस्त अभ्यर्थियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक / तकनीकि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के इस ई-मेल (rec-cghc@cg.gov.in) पर दिनांक 11/05/2026 को रात्रि 12.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (नोट- अभ्यर्थी पूर्व में जारी सूचना कमांक 8106 दिनांक 28/04/2026 में दिये गये ई-मेल पर दस्तावेज प्रेषित न करें।)

विस्तृत विवरण एवं सूची छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के वेब-साईट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(मंसूर अहमद)
प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल

जी.262700538/2

## प्रारुप- 01
## कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा जिला- कोरबा छ.ग.

क्रमांक/लेखा/निविदा/2026-27/848
कटघोरा दिनांक 05/05/2026

### निविदा सूचना

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा जिला-कोरबा छ.ग. मे प्रसूता माताओ (जे.एस.एस.के.)/आई.पी.डी. के भर्ती मरीजो हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये सुबह नास्ता, दोपहर एवं रात्री का भोजन शासन द्वारा निर्धारित खाद्य सूची के अनुसार व्यवस्था करने हेतु स्थानीय इच्छुक अनुभवी रजिस्टर्ड फर्म/स्व. सहायता समूह/केंटिन से शासन के निर्धारित राशि के अंतर्गत प्रति मरीज प्रति दिवस के दर से चिकित्सालय मे ही अपने स्वयं के संसाधन एवं सामग्री से पकाकर उपलब्ध कराये जाने हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत नियमावली, निविदा प्रपत्र दिनांक 08.05.2026 से 28.05.2026 तक शाम 05:00 कार्यालयीन समय मे प्राप्त एवं जमा कर सकेंगे। निविदा खुलने की तिथि 29.05.2026 को शाम 04:00 बजे निर्धारित है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा जिला- कोरबा छ.ग.

## छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद

### काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ चट्टा का e-Auction द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारो से अनुरोध है कि वे e-Auction में भाग लेंवे। e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है।

ई-नीलाम दिनांक - 13/05/2026
ई-नीलाम समय - प्रातः 09 : 00 बजे

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

| क्र. | प्रजाति | लट्ठा (घनमीटर) | | | बल्ली/ डेंगरी/ फेंसिंग (संख्या) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नया | पुराना | योग | नया | पुराना |
| 1 | सागौन | 0 | 197.202 | 197.202 | 65349 | 65349 |
| 2 | साल | 764.857 | 1766.519 | 2531.376 | 3719 | 3719 |
| 3 | बीजा | 157.923 | 171.894 | 329.817 | 159 | 159 |
| 4 | तिन्सा | 8.075 | 2.630 | 10.705 | 54 | 54 |
| 5 | साजा | 41.429 | 49.530 | 90.959 | 1565 | 1565 |
| 6 | हल्दू | 13.797 | 60.648 | 74.445 | 144 | 144 |
| 7 | धावड़ा | 7.820 | 3.769 | 11.589 | 968 | 968 |
| 8 | सलई | 0 | 8.352 | 8.352 | 0 | 0 |
| 9 | अन्य | 112.241 | 59.378 | 171.619 | 5042 | 5042 |
| | योग | 1106.142 | 2319.922 | 3426.064 | 77000 | 77000 |

जलाऊ चट्टा

| डिपो का नाम | नया | पुराना | योग |
|---|---|---|---|
| अस्थाई पड़ाव डिपो परसुली | 0 | 348 | 348 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो नाऊमुड़ा | 251 | 142 | 393 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो कोड़ोहरदी | 244 | 0 | 244 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो खम्हारीपारा | 0 | 474 | 474 |
| निस्तार डिपो बोरसी | 55 | 0 | 55 |
| योग :- | 550 | 964 | 1514 |
| बांस | | | |
| उपभोक्ता डिपो देवभोग | 0 | 2000 | 2000 |
| निस्तार डिपो धवलपुर | 0 | 1793 | 1793 |
| योग :- | 0 | 3793 | 3793 |

टीप:- 01. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 02. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगिन करके देख सकते है। 04. e-Auction में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकेंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट को क्रय करने के लिये अन्य क्रेताओं को 30 सेकेंड का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा। 20 सेकेंड तक बोली नहीं लगने पर लॉट पर बोली बंद हो जायेगा।

वनमण्डलाधिकारी
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद

जी. 262700530/4

## POLICE HEAD QUARTERS, CHHATTISGARH SECTOR 19, ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR

### Tender Inviting
### [ Hydraulic Cutter Spreader-04 Set ]

No.PHQ/Sec.-10/Prove-2/2201/2026 Nava Raipur, Dated: 04/05/2026

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from Tender are being invited from Original equipment manufactures (OEM) or Authorised by manufacturer (Only One) for the following item.

| क्र. | सामग्री का नाम | संख्या | अनुमानित लागत राशि (रूपये में) | अमानत राशि (EMD) (रूपये में) | प्रि- बीड दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Hydraulic Cutter Spreader | 04 Set | 2,44,42,700/- | 2,44,427/- | 15/05/2026 Time 16-00 PM | 28/05/2026 Time 15-00 PM | 28/05/2026 Time 16-00 PM |

The cost of the tender document State Govt. Challan of Rs. 2000/- (Rupees Two thousand only) amount to be deposited in the Head of A/C-0055-Police-800-other receipt or it shall be in the form of D.D.of State Bank of India/ scheduled Bank(other than cooperative Bank) payable at Raipur in favour of D.G.P. Chhattisgarh Tender Fee is nonrefundable and cannot be exempted in any condition. The tender document may be obtained from the following address:

**Addl. Director General of Police (P&P)**
**Police Headquarters, Chhattisgarh, Atal Nagar Nava Raipur**
**Pin:-492002, Phone & Fax: 0771-2431210, 2229622**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect must be submitted as per the schedule below.

SCHEDULE FOR TENDER

| | | |
|---|---|---|
| A | Address for submission of tender document | Police headquarters, Sector 19, Atal Nagar Nava Raipur, Chhattisgarh |
| B | Pre-Bid Meeting Date and time | Date 15-05-2026 Time 16-00 Pm (PHQ Block No- 1, Meeting Hall) |
| C | Last Date and time for receipt of tender | Date 28/05/2026 till 03.00 pm |
| D | Place, Time and Date of opening Technical Bid | Police headquarters Sector 19, Nava Raipur, C.G. Date 28/05/2026 at 4:00 pm |
| E | Place, Time and Date of opening Financial Bid | Shall be intimated later. |
| F | Date till which the Bid to remain valid. | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. |

**Note:** 1. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day.
2. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee 2000/- will be paid in the form of DD on the account of Director General of Police Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur

Modification/Amendments/corrigendum, if any shall not be Advertised in the news paper but shall be published in the aforesaid web site only.

D.I.G. of Police (F&P)
For-Director General of Police,
Police headquarters, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G.-262700536/3

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
### (प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 30.04.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 19.05.2026 तक है।

| एन.आई.टी क्र/ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| NIT NO. 20 Tender No. 90127 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत बम्हनी से भवानीपुर मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. पुल-पुलियां सहित निर्माण कार्य। | रू. 199.94 लाख |
| NIT NO. 21 Tender No. 190128 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत कोनारी मुख्य मार्ग से मंडी पहुंच मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. पुल-पुलियां सहित निर्माण कार्य। | रू. 189.78 लाख |
| NIT NO. 22 Tender No. 190129 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत रोहांसी से टेमरी पहुंच मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. पुल-पुलियां सहित निर्माण कार्य। | रू. 178.59 लाख |
| NIT NO. 23 Tender No. 190130 | अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाए अंतर्गत जिला धमतरी में फायर स्टेशन भवन एवं गैरेज निर्माण कार्य। | रू. 89.64 लाख |
| NIT NO. 24 Tender No. 190131 | जिला महासमुंद उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत स्थित ग्राम शेर में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित कार्य। | रू. 119.33 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2(छ.ग.)

जी.262700522/4

# पत्नी-बच्चे को ढूंढने पहुंचे जीजा ने दो सालियों को गोली मारी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज़ : रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपने लायसेंसी पिस्टल से अपनी दो सालियों के ऊपर फायरिंग कर उन्हें घायल कर दिया। घटना मोवा बाजार के पास मंगलवार रात पौने 11 बजे की है।

घटना के बाद आरोपी ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। घायल युवतियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक युवती की मौत हो गई और दूसरी की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, पेशे से बाउंसर जितेंद्र वर्मा ने अपनी सालियों दुर्गेश्वरी और गीतांजलि को पारिवारिक विवाद के चलते गोली मार दी। गोली लगने से दोनों फर्श पर गिर पड़ीं, जिससे घर का फर्श लहूलुहान हो गया। घटना के वक्त रोड पर काफी चहल-पहल थी। इस दौरान फायरिंग की आवाज से अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौक़े पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस जितेंद्र से पूछताछ कर रही है।




## पत्नी को ढूंढते हुए पहुंचा था

जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी दो-तीन दिनों से घर से गायब है, इसलिए वह अपने बच्चे को पाने पत्नी को ढूंढने में लगा हुआ था। इस दौरान जितेंद्र को अपनी पत्नी के उसकी बहनों के घर पर होने की जानकारी मिली। इसके बाद जितेंद्र अपनी पत्नी को ढूंढते सालियों के घर पहुंच गया, वहां जितेंद्र का अपनी दोनों सालियों के साथ विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान जितेंद्र ने पिस्टल निकालकर उन पर फायरिंग कर दी। घटना में गीतांजलि की मौत हो गई और दुर्गेश्वरी की हालत फिलहाल स्थिर है।

श्री सांई केयर हॉस्पिटल (Sai Care Hospital)
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा — महीने के प्रत्येक सोमवार समय : शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

Skin Care — डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

# मौसम ने उतारी बिजली की खपत की गर्मी, डिमांड हजार मेगावाट घटी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में मई का माह कम से कम छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। मई में मौसम ने करवट बदली है और प्रदेश में कहीं बारिश हो रही है, तो कहीं ओले गिर रहे हैं। कहीं बादल छाए हुए हैं। ऐसे में जो पारा 45 डिग्री के पार जा रहा था, वह अब कम हो गया है। इसी के साथ मौसम ने बिजली की खपत की गर्मी को भी उतार दिया है। जो खपत बीते माह सात हजार मेगावाट के पार चली गई थी, वह अब छह हजार मेगावाट से भी कम हो रही है। कुछ दिनों पहले यह खपत पांच हजार मेगावाट पर आ गई थी।

मई का प्रारंभ ही मौसम के बदलने से हुआ है। आने वाले समय में अभी मौसम के कुछ दिनों तक इसी तरह से रहने की संभावना है। मौसम ऐसा ही रहा तो यह बात तय है कि बिजली की खपत भी कम होगी। इस समय बिजली की खपत जहां दिन के समय में 51 से 52 सौ मेगावाट हो रही है। वहीं शाम को पीकआवर में खपत छह हजार मेगावाट से कम हो रही है। खपत कम होने का बड़ा कारण एसी और कूलरों का चलना कम होना है।

## अप्रैल में बना खपत का रिकॉर्ड

अप्रैल में इस बार खपत का नया रिकॉर्ड बना। बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट के पार गई थी। लेकिन इस बार खपत 73 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। अप्रैल में लगातार करीब एक सप्ताह तक खपत सात हजार मेगावाट के आस-पास रही है। पहले कभी इतनी खपत नहीं होती थी। ऐसे में लग रहा था कि मई में खपत का पारा 75 सौ मेगावाट तक जा सकता है, लेकिन मई के मौसम ने बिजली की खपत की पूरी खुमारी उतार दी है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

### इनकी रही सहभागिता...

अजय साहू, राहुल टिकरिहा, अवधेश चंदेल, विजय सिंहा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। समाज के प्रबुद्ध वर्ग से प्रज्ञा निर्वाणी, प्रांजल तिवारी, रश्मि मिश्रा, रवि परगनिहा सहित कई नागरिकों ने जमीनी समस्याओं को खुलकर सामने रखा।

### शाह चुनेंगे नया...

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पार्टी का केंद्रीय पर्यवेक्षक नामित किया। पार्टी ने असम में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा को भी केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को असम में भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को पश्चिम बंगाल में भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। सोमवार को घोषित विधानसभा चुनाव के परिणामों में भाजपा ने बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया और असम में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की।

### ममता बोलीं- जनादेश...

एक दिन बाद बनर्जी ने कहा, मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हमारी हार जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत हुई है। मैं हारी नहीं हूं, मैं लोक भवन नहीं जाऊंगी।" तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा, मुझे इस्तीफा क्यों देना चाहिए? हम हारे नहीं हैं। मतों की लूट हुई है। इस्तीफे का सवाल ही कहां उठता है? निवर्तमान मुख्यमंत्री बनर्जी ने मतगणना प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लगभग 100 सीट पर जनादेश को 'लूट' लिया गया और उनकी पार्टी का मनोबल गिराने के लिए जानबूझकर मतगणना धीमी की गई। उन्होंने कहा, हम भाजपा से नहीं लड़ रहे थे; हम निर्वाचन आयोग से लड़ रहे थे जो भाजपा के लिए काम कर रहा था। मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा। इतिहास में एक काला अध्याय जुड़ गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त खलनायक बन गए हैं।

### शुभेंदु बोले- सब कुछ...

पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने भी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपरिपक्व और बचकानी चीजें कर रही हैं, ऐसा बर्ताव करना उनकी फितरत रही है। खेला तो खत्म होना ही था।

### पद्मश्री फुलबासन यादव...

जा रही है। बेमेतरा से आई खुशबू साहू नामक एक महिला और उसके दो साथियों ने फूलबासन को वाहन में बैठी एक दिव्यांग युवती के साथ फोटो खिंचवाने के लिए बाहर बुलाया। फिर स्कार्पियो वाहन में जबदस्ती बैठा लिया। जैसे ही वाहन में फूलबासन बैठी, दरवाजा बंद कर गाड़ी आगे बढ़ा दी गई। रास्ते में उनका मुंह गमछे से दबाया गया ताकि वहां चिल्ला ना सके। वाहन जैसे ही खैरागढ़ मार्ग पर चिखली पुलिस चौकी के सामने पहुंची, वहां रुटीन चेकिंग के लिए तैनात टीम ने जांच के लिए वाहन को रुकवाया। मुंह और हाथ बंधा देखकर पुलिस को संदेह हुआ। मिर्गी मरीज बताकर आरोपी महिलाओं ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। इस बीच पुलिस टीम के एक सदस्य ने फूलबासन को पहचान लिया। फिर उन्हें पुलिस चौकी चिखली में बैठाया गया। घटनास्थल सुकूल दैहान का होने से पुलिस ने संदेहियों को सीधे वहां की पुलिस को सौंप दिया।

### शेयर मार्केट में...

ने ट्रेडिंग के लिए डीमैट खाते खुलवाएं हैं। हालांकि इस कारोबार में पुरुष काफी आगे हैं, राज्य में डीमैट खातों की कुल संख्या 22 लाख 87 हजार से अधिक हो गई है।

### युद्ध में झुलसी...

बंद हो चुकी हैं। ऐसा होने से अपने राज्य में यहां से टाइल्स का आना बहुत कम हो गया है।जिन प्लांटों में पुराना स्टॉक है, वही मिल रहा है लेकिन पसंद की डिजाइन का पूरी तरह से टोटा है।

### फिर चर्चा में अफीम...

सुखनंदन देशमुख ने दायर किया था। उन्होंने परिवाद में कहा था कि उनकी पत्नी भुवनेश्वरी भी प्रत्याशी थीं। वर्तमान में सरपंच अरुण गौतम ने 29 जनवरी 2025 को नाम निर्देशन पत्रक जमा किया था। इस पर सुखनंदन देशमुख ने आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसे रिटर्निंग अफसर ने अमान्य कर दिया था। इसके 4 फरवरी को उन्होंने पुनः याचिका दायर की। इसे भी खारिज कर दिया गया। उन्होंने मामले में 15 अप्रैल 2025 को हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस पर कोर्ट ने 9 मई को आदेश पारित किया, जिसमें अनुभागीय अधिकारी को प्रकरण को सुनने कहा।

HMS शिव साईटिका तेल — शिव सायटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 8000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (40779)

आवश्यकता है- कुशल वेल्डर, गैस कटर, लेथ ऑपरेटर, शेपर ऑपरेटर एवं फोर मैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग, सिरगिट्टी बिलासपुर 78280 70065 (40780)

आवश्यकता है-कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है पेमेंट योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वस्त्रम, जी 4-5, श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 8770773300, 8964009000 (40769)

आवश्यकता है- ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु 2 लड़के, 4 लड़कियों की। वेतन 8000 कार्य समय 10 से 8 सम्पर्क- पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 8109168000 (40780)

आवश्यकता है-परसदा (भरनी) में बिल्डर के नेतृत्व में मकान बनाने (सिविल कार्य) हेतु ठेकेदार की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं की सेंट्रिंग हो, लेआउट डालना आता हो सम्पर्क करें- 9827404638, 9039104638 (40775)

आवश्यकता है-रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय के लिए 12 घंटे ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है अनुभव न्यूनतम 5वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं/ 12वीं पास वेतन योग्यता एवं अनुभव अनुसार आकर्षक वेतन कार्य स्थल सिविल लाइन्स रायपुर सम्पर्क करें- 9109972720, 9109125252 (012)

आवश्यकता है- रेडिमेड शोरूम में मेन्स वियर, लेडिस वियर, साड़ी के लिये अनुभवी सेल्समैन युवक/ युवती की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर (40778)

आवश्यकता है-सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, कम्प्यूटर रिपेयरिंग, नेटवर्किंग, बायोमेट्रिक, फायर सेफ्टी रिपेयरिंग सेल्स सर्विस हेतु लड़के चाहिए। फ्रेशर/ अनुभवी सम्पर्क करें- बजाज ई-स्टोर, FF13 फर्स्ट फ्लोर F-ब्लॉक राजीव प्लाजा बिलासपुर 9754174777, 70249 96999 (40771)

आवश्यकता है-घरेलू काम करने हेतु महिला और घर में गार्ड की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- 7694006589 (40766)

आवश्यकता है- मोटर रिवाइंडिंग कार्य एवं सिखने के इच्छुक लड़कों की आवश्यकता है वेतन चार अंको में अनुभवी लड़के भी संपर्क करें 9300803875, 83191 27732 (40776)

आवश्यकता है-टायर दुकान में काम करने हेतु युवक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सिन्ध ऑटो स्टोर्स गांधी चौक बिलासपुर (40770)

आवश्यकता है-ढाबा में सप्लायर, हेल्पर, तन्दूर मास्टर, हेड मिस्त्री, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करे- सुबह 11 से रात 11, रायपुर रोड, हाईकोर्ट के आगे, बोदरी बिलासपुर 7000942962, 9098976666 (40767)

आवश्यकता है-आपरेटर की आवश्यकता है (1) अजाक्स मशीन (2) ट्रेक्टर ग्रेडर मशीन चलाने हेतु कुशल, अनुभवी आपरेटर की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जादवानी कंस्ट्रक्शन बिलासपुर/ रायपुर 98271 26666, 9300820009 (40741)

आवश्यकता है-माल वाहक इलेक्ट्रीक ऑटो चलाने के लिये ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर फोन 07752-405795 (40772)

आवश्यकता है-छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत छ.ग. प्रचार एवं विकास संस्थान बिलासपुर (NGO) में निम्न पद की आवश्यकता है काउंसलर योग्यता MSW/ MA समाज शास्त्र (वेतन- 16000+ यात्रा भत्ता 600) ANM योग्यता ANM/ GNM नर्सिंग स्टाफ (12500+ यात्रा भत्ता 600) आवेदन की अन्तिम तिथि- 08/05/2026 पता- छ.ग. प्रचार एवं विकास संस्थान महिलांग भवन ओम नगर, जरहाभाठा बिलासपुर 93995 58864, 9977184172, email-ticgpvs@gmail.com (40765)

आवश्यकता है-CA ऑफिस में चपरासी (Peon) की आवश्यकता है योग्यता- 10वीं, 12वीं पास पता- काशी कॉम्प्लेक्स लिंक रोड बिलासपुर सम्पर्क करें- 9300492291 (40756)

आवश्यकता है-किराना दुकान में काम करने के लिये कर्मचारी की महिला एवं पुरुष कीआवश्यकता है, वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- किशनचंद किराना स्टोर करबला रोड बिलासपुर 8817018694 (40748)

आवश्यकता है-रायपुर सिविल लाइन्स स्थित प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है अनुभव कम से कम 5वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20000 से 25000 प्रतिमाह अनुभव अनुसार सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर सम्पर्क करें- 9109972720, 9109125252 (011)

आवश्यकता है- फैक्ट्री में लोडिंग, अनलोडिंग हेतु हमाल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इण्डस्ट्रीज, इण्डस्ट्रीयल एरिया, तिफरा बिलासपुर 7869919759 (40760)

आवश्यकता है-अनुभवी रिसेपशनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेंट, अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) फील्ड वर्क, OT टेक्नीशियन, X-RAY टेक्नीशियन, सुरक्षागार्ड (दिन के लिए) पता- प्रभा हॉस्पीटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (40757)

आवश्यकता है-घर के लिए अनुभवी ड्राइवर, गोडाउन में काम करने के लिए 10वीं पास लड़कों एवं मार्केट में काम करने वाले लड़के चाहिए कम से कम 12वीं पास सम्पर्क करें- 9009555541 (40750)

आवश्यकता है-सिक्योरिटी एजेंसी में कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति, जो शोरूम में गाड़ियों की एंट्री की सके तथा डे/ नाइट में काम करने हेतु चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 9981630084, 9425534940 (40754)

Required-Teachers Required (All Subjects/ All Levels/ Immediate Hiring) Pre Primary/ Primary- Class 1-5, Middle- Class 6-8, Secondary- Class 9-10, Senior Secondary (For 11th, 12th Masters in Mathematics, Agriculture, Chemistry, Physics, Commerce, Arts, Home Science) B.Ed Qualification is Compulsory Contact- Future Shine English Medium School, Bilaspur 7898372006 Resume- fsemsbsp@gmail.com (40759)

आवश्यकता है-सलवार सूट, ब्लाऊज सिलाई हेतु महिला पुरुष की आवश्यकता है विशेष- 2माह में ब्लाऊज, सलवार सूट की कटिंग सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। सम्पर्क करें-मंगला चौक बिलासपुर 7389444785 (40738)

आवश्यकता है- रेस्टोरेन्ट हेतु फ्राई पेन मिस्त्री, तंदूर रोटी कारीगर, मार्केटिंग स्टोर हेतु युवक (स्वयं का वाहन), वेटर, हेल्पर लड़के/ लड़कियां चाहिए। (खाना रहना फ्री) सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलासपुर 78791 21999 (40745)

आवश्यकता है-जयपाल टॉवर-2, अग्रसेन चौक मगरपारा रोड स्टार चिल्ड्रन अस्पताल के पीछे बिलासपुर में चौकीदार चाहिए। वेतन 7500/- रहने की सुविधा पता- आर्या कंस्ट्रक्शन दुकान नं.-8, सम्पर्क करें- 8103002273 (40751)

आवश्यकता है-बर्तन दुकान में कार्य करने हेतु 2 लड़कों की आवश्यकता, वेतन 4अंको में सम्पर्क करें- घरसंसार, नरेश बाजार के सामने, बजरंग कॉम्प्लेक्स के पास, पुराना बस स्टैण्ड तेलीपारा बिलासपुर 7999822285 (40763)

आवश्यकता है- कपड़े की शॉप में कम्प्यूटर एवं मेनुअल एकाउन्ट एकाउंटेंट एवं मकान के लिए चौकीदार की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हीरा ट्रेडिंग कम्पनी श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827112950, 8319617107 (40755)

आवश्यकता है- कंपनी में कार्य हेतु पेटी ठेकेदार की आवश्यकता हैं, जो हेल्पर, फिटर, वेल्डर और हैवी लायसेंस ड्रायवर सप्लाई कर सके लोकेशनः- सिलतरा, तिल्दा (रायपुर) एवं बिलासपुर (छत्तीसगढ़) संपर्कः 7999785435, 8319126599 (167)

आवश्यकता है-(1)दिनभर घरेलू कार्य करने हेतु एक लड़का, एक लड़की (2) कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (3) शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक(4)ओटी हेतु पैरामेडिकल स्टाफ चाहिए सम्पर्क- 70671 24226 (40673)

आवश्यकता है-ऑफिस मैनेजर वर्क साइड वर्क रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण एवं नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 (40707)

आवश्यकता है-भारत के सबसे बड़े राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं कॉल करे- 8929449955 (63172)

आवश्यकता है-ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- गोल बाजार बिलासपुर 9691061066 (40753)

आवश्यकता है-लॉज में कार्य हेतु वेटर की आवश्यकता है 10वी पास उम्र 28 से 40वर्ष ग्रामीणों को प्राथमिकता सम्पर्क करे- होटल शिवम अपोलो हास्पिटल के बाजू में लिगियाडीह बिलासपुर 88391 12590, 9301577993 (40747)

## बेचना है

बेचना है-10×14= 140 फुट दुकान छत नहीं नरेश बाजार के अन्दर मां शारदा कॉम्प्लेक्स तेलीपारा में बेचना है सम्पर्क करें- 9827938236, 87709 63388 (40758)

बेचना है-प्राइम लोकेशन बेलेजा सैलून के पीछे नर्मदा नगर बिलासपुर में 3BHK 2400 वर्गफुट में निर्मित मकान बेचना है रेट 1.60 करोड़ सम्पर्क करें-78981 98271, 9301588883 (40764)

बेचना है-मुंगेली नाका बिलासपुर में डीएसएस कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित 12×20 साइज की दुकान बेचना है सम्पर्क करें-98930 78422, 9329493110 (40739)

बेचना है- हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (40711)

बेचना है-सर्वमंगला पैट्रोल पम्प के पास, उसलापुर सकरी रोड में डेलीनीड्स किराये की दुकान का निम्न सामान बेहतर एवं चालू स्थिति में एक साथ अथवा अलग अलग तत्काल बेचना है (1) स्टील शीट निर्मित 8'×4' फास्ट फूड काउंटर केबिन (2 बर्नर, बेसिन निर्मित)- 175000/- (2) केक फ्रिज (Celfrost Brand)- 130000/- (3) स्टोरेज फ्रिज (Celfrost Brand)- 30000/- (4) आइसक्रीम फ्रिज (Voltas Brand)- 30000/- (5) बीजी फ्रिज ग्लास सिंगल डोर (Haier Brand)- 30000/- (6) प्लाई सनमाइका निर्मित ग्लास लगा सेल्फ (एल आकार में)- 250000/- नोट- क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही अवलोकन/ सम्पर्क करें 9522236524, 97525 36524 (40733)

## फायनेंस

फाइनेन्स-अन्नपूर्णा फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000/- से 25लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क करें- 9311830460 (4364)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500 96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330

## किराया

किराया- मंगला चौक नर्मदा नगर में सेकेण्ड फ्लोर में 2 हाल 15x15 वॉशरूम बड़ा आंगन किराए से देना है गर्ल्स ऑफिस हेतु संपर्क करें मो. 83193 18132 (40777)

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे- BA, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, MA, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Poly-technic B.Tech अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4146)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 9 | 6 | 2 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 9 | 4 | 5 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



अभिषेक शर्मा
440 रन
हैदराबाद

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# मेंस टी20 रैंकिंग : मजबूती के साथ 'नंबर-1' पर भारत

## इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था।

साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। आईसीसी ने कहा, 'नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को 50 प्रतिशत भार दिया गया है।'



### 275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत

आईसीसी ने कहा, '275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है।' दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं।

### शीर्ष सात टीम में कोई बदलाव नहीं

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं।

# विमेंस टी20 रैंकिंग : शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, भारत तीसरे पायेदान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से जारी ताजा टी20 टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने शीर्ष पायदान पर अपनी पकड़ और मजबूत बना ली है। अपडेटेड रैंकिंग में, मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा वेटेज (100 प्रतिशत) दिया गया है, जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को 50 प्रतिशत वेटेज मिला है। इस रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 287 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर है। इस टीम को दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर 12 प्वाइंट्स की बढ़त हासिल है, जबकि भारत 264 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर मजबूती से बना हुआ है।

## चामरी ने की शानदार बढ़त हासिल




दुबई। श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू ने हालिया शानदार प्रदर्शन के साथ आईसीसी विमेंस टी20 रैंकिंग में शानदार बढ़त हासिल की है। अटापट्टू को टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा मिला है, जबकि ऑलराउंडर्स की सूची में उन्होंने 2 स्थानों की छलांग लगाई है। चामरी अटापट्टू को बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की 3-0 की शानदार जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। इस अनुभवी खिलाड़ी ने तीन पारियों में कुल 115 रन बनाने के अलावा, चार विकेट भी लिए थे। इस हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चामरी 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, ऑलराउंडर्स की सूची में भी उन्होंने तीसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। इसी के साथ अटापट्टू ने भारत की दीप्ति शर्मा और ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर को पछाड़ दिया है। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में अब उनसे आगे सिर्फ न्यूजीलैंड की कप्तान एमी केर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ही हैं।

## खबर संक्षेप

### छोटा प्रारुप खेल को गति की ओर ले जाएगाः चिराग

नई दिल्ली। शीर्ष पुरुष युगल खिलाड़ी चिराग शेट्टी ने कहा कि बैडमिंटन का नया 15 अंक का प्रारुप पारंपरिक 21 अंक के प्रारुप से बहुत अधिक अलग नहीं है। पारंपरिक प्रारुप में खिलाड़ियों की सहनशक्ति की परीक्षा होती थी और यह पूर्ण चुनौती पेश करता था लेकिन चिराग ने स्वीकार किया कि छोटा प्रारुप खेल को गति और ताकत की ओर ले अधिक ले जाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने हाल ही में डेनमार्क में अपनी सालाना आम बैठक में 15 अंक के तीन गेम के प्रारुप को अपनाने की स्वीकृति दे दी। इस प्रस्ताव को डाले गए वोटों में से जरूरी दो-तिहाई बहुमत मिल गया। नया 15 अंक का तीन गेम का प्रारुप 4 जनवरी 2027 से लागू होगा और इसे भारत के पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।



### कप्तानी करना आसान नहीं : लैंगर

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 27 करोड़ रुपए की कीमत हमेशा अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं देती, लेकिन ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग टीम की कप्तानी करने से पड़ने वाले दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह बात तब कही जब उनकी टीम प्ले-ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। एलएसजी ने पंत को मोटी धनराशि में अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## आज शाम 7.30 बजे से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अहम मुकाबला

# लड़खड़ाते पंजाब को पकड़नी होगी लय


एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को अगर अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो उसे बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच में फिर से अपनी आक्रामक लय हासिल करनी होगी। लगातार 6 मैच जीतने वाली पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई है। इन मैचों में हार ने उसकी उन कमजोरियों को उजागर किया है, जिन्हें वह जल्द से जल्द दूर करना चाहेगी।

पंजाब किंग्स भले ही 9 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अब गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो गई है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी उससे केवल एक अंक पीछे हैं।

### किंग्स की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी लड़खड़ाई

बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पंजाब किंग्स को पिछले कुछ मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले के मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अपने आक्रामक अंदाज का शानदार नमूना पेश किया था। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इन मैचों में उसकी गेंदबाजी की कमियों पर किसी का खास ध्यान नहीं गया। शुरुआती दौर में लय बनाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लड़खड़ा गए हैं। प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की युवा तिकड़ी की आक्रामक रणनीति लापरवाही में बदल गई है। इससे टीम को शुरुआती झटके सहने पड़े और मध्य क्रम को पारी संभालने की जिम्मेदारी उठानी पड़ी।



### मध्य क्रम के बल्लेबाज नहीं कर पाए अपेक्षित

पंजाब किंग्स का मध्य क्रम भी चोटी के बल्लेबाजों की नाकामी के बाद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया जबकि पूरे टूर्नामेंट के दौरान उसकी गेंदबाजी बहुत अच्छी नहीं रही है। यहां तक कि पंजाब किंग्स जब जीत दर्ज कर रहा था तब भी उसके गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को बीच-बीच में खुलकर रन बनाने दिए हैं। यही नहीं उसकी गेंदबाजी में महत्वपूर्ण मौकों पर अनुशासन की कमी के कारण अच्छा अंत करना लगातार एक समस्या बनी हुई है।

# चेन्नई ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया



नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने मंगलवार को खेले गए मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। अरुण जेटली मैदान पर दिल्ली ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। चेन्नई ने 156 रन का टारगेट 17.3 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। इस जीत के बाद चेन्नई के 10 मैचों में 10 पॉइंट्स हो गए हैं। वहीं, दिल्ली की यह 10 मैचों में छठी हार है। चेन्नई के लिए संजू सैमसन ने 52 गेंद पर नाबाद 87 रनों की पारी खेली।

संजू ने इस सीजन में दूसरी फिफ्टी लगाई है। संजू की इस पारी में 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। संजू के अलावा कार्तिक शर्मा ने नाबाद 41 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए नाबाद 114 रन की पार्टनरशिप हुई। दिल्ली के लिए लुंगी एनगिडी और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला।

### दिल्ली की ओर से एक भी फिफ्टी नहीं

दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन की पारी खेली। उनके अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स 38, पथुम निसांका 19, नीतीश राणा 15, आशुतोष शर्मा 14, करुण नायर 13 और केएल राहुल 12 रन बनाए। रिजवी और स्टब्स के बीच छठे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। चेन्नई की ओर से नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

## तीरंदाजी विश्व कप

# देवताले का शानदार प्रदर्शन शीर्ष तीन में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| शंघाई

पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम का नेतृत्व करते हुए मंगलवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष 10 में जगह पक्की की। बर्लिन में 2023 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर भारत के पहले पुरुष विश्व चैंपियन बने देवताले ने क्वालीफाइंग में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 711 अंक हासिल करके कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया। इससे भारतीय टीम को भी फायदा हुआ और वह शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रही। साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए लेकिन केंद्र पर सर्वाधिक निशाना लगाने के कारण देवताले उनसे आगे रहे। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी कुशल दलाल ने कुल मिलाकर 18वें स्थान पर रहकर इस तिकड़ी को पूरा किया। इस तरह से भारत ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया।

### अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर

महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली अमेरिका की एलेक्सिस रुइज से सात अंक पीछे रही। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रगति 697 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रही, जबकि कई बार विश्व कप जीत चुकीं ज्योति सुरेखा वेन्नम 21वें स्थान पर खिसक गईं। इन तीनों खिलाड़ियों के कुल स्कोर को मिलाकर भारत को महिला टीम स्पर्धा में पांचवीं वरीयता मिली। मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शीर्ष तीन स्थानों पर रहे।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# एशिया कप से पहले भारतीय हॉकी टीम

भोपाल। भारत की पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीम एशिया कप की तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक यहां 4 मैचों की श्रृंखला खेलेंगी।

यह श्रृंखला इस महीने के आखिर में जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के लिए यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के केंद्र में 19 अप्रैल से अभ्यास शिविर भी लगाया गया था।

**हमारी तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण :** पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, 'इस शिविर के दौरान मुख्य ध्यान सभी विभागों में खिलाड़ियों के बुनियादी कौशल और क्षमता को मजबूत करने पर रहा है, ताकि वे आधुनिक हॉकी की जरूरतों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सं. P-HQ/GAZ/MED/224640/456
दिनांक : 30.04.2026
अधिसूचना
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/बिलासपुर के केंद्रीय अस्पताल में एक वर्ष की अवधि के लिए, पूर्णतः संविदा के आधार पर 04 संविदा चिकित्सको (विशेषज्ञ फिजिशियन, विशेषज्ञ सर्जन, विशेषज्ञ रेडियोलॉजी/ऑर्थोपेडिक / फिजिशियन, जीडीएमओ) की नियुक्ती हेतु संक्षिप्त अधिसूचना जारी की गई है। विस्तृत विवरण जैसे कि पात्रता, योग्यता, आयु, अनुभव, साक्षात्कार तिथि आदि के लिए कृपया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट http://secr.indianrailways.gov.in नीचे दिए गए पथ (path) का अवलोकन करे- Recruitment/News/Press release" Recruitment" Headquarters " Gazetted Section
उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (राज), द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/AM/79
South East Central Railway @secrail

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
'मिनी रत्न कम्पनी'
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)
सूचना
एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाएं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
क्र 151/न.पा./लो.नि.वि./2026-27 मुंगेली, दिनांक 05/05/2026
-: प्रथम ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-
नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-


| सिस्टम निविदा क्र | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 190134 | नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण एवं विकास कार्य। | 741.51 | 25.05.2026 |
| 190141 | विनोबा भावे वार्ड क्र. 21 में प्रथम तल पर हॉल एवं सीढ़ी निर्माण कार्य। | 10.00 | 25.05.2026 |

टीप : निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मुंगेली

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना क्रमांकः-15-सीईई-एसईसीआर-सी-2026 दिनांकः 28.04.2026
कार्य का नामः द.पू.म. रेलवे के बिलासपुर मण्डल यार्ड के पुनर्निर्माण, संशोधन और यार्ड विस्तार के सम्बधित, में 25 के.वी., 50 हर्ट्ज, सिंगल फेज ए.सी. विद्युतीकरण का शेष कार्य, जिसमें ऊपरी उपस्कर उपकरण कार्य के लिए विशेष डिजाईन, ऊपरी उपस्कर उपकरण संरचनाओं के बाधाओं को संशोधित नवीनतम ESP और SIP के अनुसार हटाना और सेक्शनिंग को सुगम बनाने का कार्य।
निविदा मूल्यः ₹ 9,75,27,589.53 (रूपये नौ करोड़ पहचत्तर लाख सत्ताईस हजार पांच सौ नवासी और तिरपन पैसे मात्र), बयाना राशिः ₹ 19,50,600/- (रूपये उन्नीस लाख पच्चास हजार छः सौ मात्र), निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 20.05.2026 को 15:30 बजे। निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः 20.05.2026 को 15:45 बजे।
कार्य पूर्णता की अवधिः स्वीकृति का पत्र जारी होने की तारीख से 12 (बारह) माह।
वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान : उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइड www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।
सहा. कार्य. विद्युत अभियंता/कॉन
सीपीआर/10/71 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना
क्र.संख्या (1) निविदा सं.: टीआरडी-बीएसपी-308-26-27-2, दिनांकः 24.04.2026.
कार्यः बिजुरी बैलास्ट साइडिंग में एक हुक में रैक के स्थापन और बाहर निकालने के लिए 02 पूर्ण रैक हैंडलिंग क्षमता वाली लाइनों की व्यवस्था के संबंध में ओ.एच.ई. का प्रावधान/संशोधन। निविदा मूल्यः ₹ 66,67,303.43. अमानत राशिः ₹ 1,33,400.00.
क्र.संख्या (2) निविदा सं.: टीआरडी- बीएसपी-309-26-27-3, दिनांकः 24.04.2026.
कार्यः (1) बिलासपुर डिवीजन में सीआईसी सेक्शन कटनी-अनूपपुर-अंबिकापुर में 2x25 केवी टीएसएस, एसपी, एसएसपी और अर्थिंग सिस्टम के पी.एस.आई. एसेट्स के रिप्लेसमेंट और अपग्रेडेशन सहित बड़े रिहैबिलिटेशन का काम। (2) बिलासपुर मंडल के अनूपपुर - कटनी और अनूपपुर - अंबिकापुर सेक्शन के बीच सी.आई.सी. सेक्शन में टी.एस.एस. पर पी.एस.आई. एसेट्स का आवर्धन और पुरानी हो चुकी केबलों का प्रतिस्थापन। निविदा मूल्यः ₹ 4,44,46,885.78. अमानत राशिः ₹ 8,88,900.00.
क्र.संख्या 1 व 2 के लिए समानः निविदा जमा करने की तिथिः 26.05.2026 के 15:00 बजे तक।
उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।
वरि.मंडल विद्युत अभियंता(क.वि.)/ बिलासपुर
सीपीआर/10/68
South East Central Railway @secrail


## शब्द पहेली - 6217



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6216 का हल



## सूडोकु नवताल - 6227

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6226 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

Divisa
"अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।"
मोर्निंग होगी मस्त क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त
Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores
Dr. Juneja's पेट सफा®
Natural Laxative Granules & Tablets



# इस जेल में जाने के लिए जुर्म नहीं, सिर्फ 500 की पर्ची

**हैदराबाद।** दुनिया में शौक बड़ी चीज है। कोई पहाड़ों पर जाता है तो कोई समुद्र किनारे, लेकिन क्या आपने कभी अपनी मर्जी से सलाखों के पीछे रहने का ख्वाब देखा है? अगर हां, तो हैदराबाद की चंचलगुडा जेल आपकी इस हसरत को पूरा करने के लिए तैयार है। 'फील द जेल' नाम की इस स्कीम में आपको बिना किसी एफआईआर के कैदी बनने का पूरा लुत्फ मिलेगा। बस 500 रुपए का टिकट कटाइए और भूल जाइए कि आप आजाद परिंदे हैं।

## फील द जेल : हैदराबाद का अनोखा म्यूजियम

### चंचलगुडा जेल में सरकारी खातिरदारी का मजा

यह कोई फिल्म का सेट नहीं, बल्कि एक असली हाई-सिक्योरिटी जेल के अंदर बना म्यूजियम है। यहां आपको वही मोटा अनाज वाला खाना, वही खुरदरी दरी और वही सख्त अनुशासन मिलेगा, जो एक असली मुजरिम झेलता है। सुबह तड़के उठना, लाइन में लगना और जेल के नियम मानना...ये सब इस पैकेज का हिस्सा है। दरअसल, इसका असली मकसद युवाओं को यह समझाना है कि, अपराध की दुनिया जितनी बाहर से ग्लैमरस लगती है, अंदर से उतनी ही बेरंग और बेमजा है।



### संगारेड्डी के बाद अब हैदराबाद में 'कैदी' बनने की बारी

ये सिलसिला साल 2016 में संगारेड्डी की पुरानी जेल से शुरू हुआ था, जो निजामों के वक्त की थी। वहां की कामयाबी के बाद अब चंचलगुडा जेल को भी इसी सांचे में ढाला गया है। यहां आप पुरानी हथकड़ियां, जंजीरें और कैदियों द्वारा बनाई गई मशीनें देख सकते हैं। यह कोई लग्जरी रिजॉर्ट नहीं है, बल्कि एक ऐसा तजुर्बा है, जो आपको आजादी की कीमत सिखा देगा। उन कोठरियों की खामोशी आपको बताएगी कि घर की दाल-रोटी जेल के पनीर से लाख गुना बेहतर क्यों है।

# कुतुब मीनार से 3 गुना ऊंचा वृंदावन का चंद्रोदय मंदिर




**नई दिल्ली।** वृंदावन के छटीकरा रोड पर रौनक ऐसी है कि देखते ही बन रही है। खबर उड़ती उड़ती आई है कि अक्षय पात्र परिसर में बन रहा 'चंद्रोदय मंदिर' अब अपनी पूरी भव्यता के साथ दुनिया के सामने आने को बेताब है। इस्कॉन बेंगलुरु के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा होने में लगभग 12 साल का वक्त लगा है। 700 करोड़ की लागत से बने इस मंदिर का न्यौता दिल्ली दरबार यानी पीएमओ को भेज दिया गया है। अगर सब कुछ फिट बैठा, तो चर्चा है कि 25 से 30 मई के बीच यानि मई के अंत तक खुद पीएम मोदी इसका फीता काटने आ रहे हैं।

### बुर्ज खलीफा जैसी मजबूत है इसकी जड़ें

मंदिर की ऊंचाई 210 मीटर है, अब इतनी ऊंची इमारत को टिकाने के लिए जमीन में भी गहरा उतरना पड़ा है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि इसकी नींव 55 मीटर गहरी है, जो दुबई की मशहूर बुर्ज खलीफा से भी 5 मीटर ज्यादा है। मंदिर का बेस ही 12 मीटर ऊंचा रखा गया है, ताकि सदियों तक कान्हा का ये धाम अडिग खड़ा रहे।

### छत से दिखेगा आगरा का ताज

इस मंदिर का जलवा सिर्फ ऊंचाई तक सीमित नहीं है। इसके सबसे ऊपरी हिस्से पर हाई-पावर टेलिस्कोप लगाए जाएंगे. वहां से खड़े होकर आप 80 किलोमीटर दूर आगरा के ताजमहल का दीदार कर सकेंगे, यानी एक टिकट में दो-दो अजूबों का मजा। मंदिर को नागर और मॉडर्न आर्किटेक्चर के संगम से तैयार किया गया है। यहां की 'देवलीला' दिखाने के लिए 4D तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो आपको सीधा द्वापर युग की सैर करा देगी।

## फुगटल मॉनेस्ट्री

### न कोई सड़क और न ही कोई मोबाइल नेटवर्क

# हाईवे तो छोड़िये, यहां आज तक नहीं बन पाई कच्ची सड़क, पहाड़ चढ़कर जाते हैं लोग!

**लेह।** भारत विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। चारों तरफ एक्सप्रेसवे, हाईवे और आधुनिक सड़कें बन रही हैं, लेकिन फिर भी देश के एक कोने में ऐसी जगह है जहां आजादी के 78 साल बाद भी ना हाईवे है, ना पक्की सड़क और ना ही कच्ची सड़क है।

जी हां, हम बात कर रहे हैं लद्दाख के जांस्कर क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध फुगटल मॉनेस्ट्री की। यह मठ एक प्राकृतिक गुफा के अंदर पहाड़ को काटकर बनाया गया है। ऊंची चट्टानों पर लकड़ी और मिट्टी से बना यह परिसर मधुकोष की तरह दिखता है। यहां पहुंचने के लिए पर्यटकों और श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर की कठिन ट्रेकिंग करनी पड़ती है। रास्ते में खड़ी चट्टानें, तेज नदी और संकरी पगडंडियां इस यात्रा को और चुनौतीपूर्ण बना देती है।

> भारत में एक ऐसी जगह है, जहां आजतक एक भी सड़क नहीं बन पाई है। हम बात कर रहे हैं लद्दाख में स्थित फुगटल मॉनेस्ट्री की जो एक पहाड़ को काटकर बनाया गया है। इस पहाड़ के अंदर ही कई घर हैं, जहां जाने के लिए लोगों को पांच से छह किलोमीटर की ट्रेकिंग करनी पड़ती है।




### फुगटल मॉनेस्ट्री की अनोखी कहानी

फुगटल मॉनेस्ट्री की नींव 15वीं शताब्दी में जंगसेम शेराप जंगपो नामक तिब्बती बौद्ध गुरु ने रखी थी। कुछ मान्यताओं के अनुसार यह गुफा 2500 साल पुरानी है, जहां प्राचीन काल में साधु-संन्यासी ध्यान और मोक्ष की तलाश में रहते थे। मठ जेलुग संप्रदाय का हिस्सा है और इसमें प्राचीन पांडुलिपियां, थांगका चित्र और बौद्ध ग्रंथ संरक्षित है। मठ की सबसे खास बात यह है कि यह पूरी तरह एक विशाल गुफा के अंदर बना है। पहाड़ की दीवारों में खुदाई करके कमरे, प्रार्थना कक्ष, रसोई और रहने की जगह बनाई गई है। ऊपर से देखने पर यह मठ चट्टान से चिपका हुआ सा लगता है। सर्दियों में जब पूरा क्षेत्र बर्फ से ढक जाता है तो यहां पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है।

### आज भी क्यों नहीं पहुंची सड़क?

निम्मू-पदुम-दारचा रोड बनने के बाद आस-पास के इलाकों में सड़क पहुंच गई है, लेकिन फुगटल मठ तक अभी भी पूरी सड़क नहीं बनी है। पुर्णे गांव तक वाहन पहुंच सकते हैं, उसके बाद ट्रेकिंग अनिवार्य है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ब्रिज तक सड़क बन रही है, लेकिन पूरा रास्ता अभी भी पैदल ही तय करना पड़ता है। यहां ना तो मोबाइल नेटवर्क है और ना ही कोई आधुनिक सुविधाएं हैं। बिजली सोलर पैनल से मिलती है। भिक्षु और स्थानीय लोग बेहद सरल जीवन जीते हैं। पानी नदी से लाया जाता है और खाना पारंपरिक तरीके से तैयार किया जाता है। इसीलिए यह जगह उन लोगों के लिए स्वर्ग है जो शोर-शराबे भरी जिंदगी से दूर आध्यात्मिक शांति चाहते हैं।

### ट्रेकिंग का अनुभव



पुर्णे या चा गांव से शुरू होने वाली ट्रेकिंग त्सारप नदी के किनारे-किनारे जाती है। रास्ते में हरे-भरे मैदान, विशाल चट्टानें और ऊंचे पहाड़ नजारा बिखेरते हैं। बीच-बीच में लकड़ी के पुल भी आते हैं। ट्रेक मध्यम कठिनाई का है, लेकिन ऊंचाई के कारण सांस लेना भारी हो सकता है। स्वस्थ लोग 2 से 3 घंटे में मठ तक पहुंच सकते हैं। मठ पहुंचने पर मिलने वाला स्वागत अविस्मरणीय होता है। भिक्षु चाय और भोजन कराते हैं। यहां रुकना भी संभव है। रात में तारों भरा आकाश और पूर्ण सन्नाटा ऐसा लगता है मानो समय थम गया हो।

# काम-काज छोड़ पांव पसार कर.. यहां लोग मार रहे हैं खर्राटे

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के 'हान रिवर पार्क' में नजारा कुछ जुदा ही था। जहां दुनिया रफ्तार के पीछे भाग रही है, वहां सैकड़ों लोग सिर्फ इसलिए इकट्ठा हुए, ताकि वो जी भरकर एक झपकी ले सकें। 'पावर नैप कॉन्टेस्ट' नाम की इस प्रतियोगिता का यह तीसरा साल था। आयोजकों ने साफ कह दिया था, 'भाई, थके-हारे आओ, पेट भरकर खाकर आओ और हां, कपड़े ऐसे पहनना कि नींद भी शरमा जाए।' कंपटीशन शुरू होते ही सबने आंखों पर मास्क चढ़ाया और सपनों



की दुनिया में निकल पड़े। अब आप सोच रहे होंगे कि, विजेता का फैसला कैसे हुआ? तो जनाब, यहां आयोजक स्मार्ट थे। उन्होंने बाकायदा सबकी हार्ट रेट चेक की, जिसकी धड़कनें सबसे शांत और नींद सबसे गहरी पाई गई, वही सिकंदर कहलाया। इस बार बाजी किसी नौजवान ने नहीं, बल्कि एक 80 साल के बुजुर्ग ने मारी, जिन्होंने साबित कर दिया कि असली 'चैन' अनुभव के साथ ही आता है।

# जन्म से ही प्रेग्नेंट रहती है ये मां गर्भ में लिए रहती है कई बच्चे

**नई दिल्ली।** अभी तक आपने सुना होगा कि दुनिया की सारी मादा जीव नर से मिलन के बाद प्रेग्नेंट होती हैं। लेकिन, एक ऐसा कीड़ा मौजूद है जो जन्म के समय से ही प्रेग्नेंट होता है। इन्हें बच्चे पैदा करने के लिए किसी नर की जरूरत नहीं पड़ती। हम बात कर रहे हैं एफिड्स की, जिसके गर्भ में जन्म से ही बच्चे मौजूद होते हैं और सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि गर्भ के अंदर वाले बच्चे के पेट में भी अगली पीढ़ी के अंडे पहले से पल रहे होते हैं। यह घटना प्रकृति का सबसे अनोखा कमाल है जिसे वैज्ञानिक भाषा में 'टेलिस्कोपिंग जेनरेशन' या 'पीढ़ियों का सिलसिला' कहते हैं। एक मादा एफिड जन्म लेते ही प्रेग्नेंट होती है। उसके अंदर पहले से ही 5-10 छोटे-छोटे बच्चे (निम्फ) तैयार रहते हैं। इन निम्फ के अंदर भी अगली पीढ़ी के अंडे बन चुके होते हैं। यानी तीन पीढ़ियां एक साथ एक शरीर में रहती हैं।

■ तेजी से संख्या बढ़ाने में मदद करती है प्रकृति



### पौधों का दुश्मन

प्रकृति ने एफिड्स को यह विशेष शक्ति इसलिए दी है, क्योंकि ये पौधों के लिए बहुत बड़ा खतरा है। अगर इनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ती तो पौधे इन्हें आसानी से नष्ट कर देते। लेकिन, इतनी तेजी से संख्या बढ़ने से एफिड्स पूरे बगीचे या फसल को चंद दिनों में तबाह कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार एफिड्स दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली कीट प्रजातियों में से एक हैं। एक मादा एफिड की लंबाई सिर्फ 1-2 मिलीमीटर होती है फिर भी उसके अंदर कई पीढ़ियां पल रही होती हैं।

### बेहद अनोखा जीव

एफिड्स छोटे-छोटे, नरम शरीर वाले कीड़े होते हैं, जो पौधों के रस चूसकर जीते हैं। ये मुख्य रूप से गर्मियों में तेजी से बढ़ते हैं। एक मादा एफिड अपने पूरे जीवन में 50 से 100 तक बच्चे पैदा कर सकती है, लेकिन टेलिस्कोपिंग जेनरेशन की वजह से यह संख्या बहुत तेजी से बढ़ जाती है। अगर अनुकूल परिस्थितियां हों तो 30 दिनों में एक एफिड से 1 लाख से ज्यादा संतान पैदा हो सकती है। कुछ अध्ययनों में तो 1 करोड़ तक की संख्या बताई गई है। यह प्रक्रिया पैरथेनोजेनेसिस कहलाती है। इसमें नर की जरूरत नहीं पड़ती। मादा एफिड्स बिना निषेचन के ही जीवित बच्चे पैदा करती हैं। नर एफिड्स साल में सिर्फ एक बार, शरद ऋतु में पैदा होते हैं जब मौसम ठंडा हो जाता है। उस समय मादाएं अंडे देती हैं, जो सर्दियों में सुरक्षित रहते हैं। लेकिन, बाकी पूरे साल मादाएं ही आबादी बढ़ाती रहती हैं।

पुराने से पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज




डा. ऑर्थो ही क्यूं खरीदें?
इन्होंने भी अपनाया, जोड़ों के दर्द में आराम पाया
सम्पूर्ण भारत में मिले परिणाम

Himachal Pradesh — अमरेश कुमार गोयल, 63 वर्ष ने लिखा कि मैं मजदूरी करता हूं। हर रोज काम की वज़ह से पैर और घुटनों में बहुत असहनीय दर्द रहता था। एक दिन मैंने टी.वी. पर डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। इसके बाद डा. ऑर्थो के नियमित इस्तेमाल से मेरे पैरों और घुटनों के दर्द में आराम है। इसका परिणाम बहुत ही अच्छा लगा।

Assam — मेरा नाम अंजली देवी, उम्र 57 वर्ष है। मैं एक हाउस वाईफ हूं। काफी दिनों से मेरे घुटनों, एड़ियों में भयंकर दर्द था। फिर एक दिन मैंने अखबार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा व इसका इस्तेमाल शुरू किया। सिर्फ 6 महीनों के नियमित इस्तेमाल से मुझे दर्द में बेहतर आराम मिला। मैं डा. ऑर्थो का थैंक्स करती हूँ।

Gujarat — बालकृष्ण गोपाल राव वडनेरे, उम्र 83 वर्ष ने हमें लिखा है कि उन्हें बहुत समय से घुटनों के दर्द की वज़ह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिर उनके बड़े भाई ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल लाकर दिया। उन्होंने अखबार में भी इसका विज्ञापन देखा और निर्देशानुसार यूज किया। घुटनों का दर्द कम हुआ।


Chhattisgarh — हीरालाल शेंडे, उम्र 72 वर्ष ने बताया कि मैं काफी समय से घुटनों, कमर दर्द से बहुत परेशान रहता था। कई इलाज करवाए, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। मैंने टी.वी और अखबार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और ट्रीटमेंट शुरू किया। कुछ ही दिनों में दर्द से आराम मिल गया और अब मैं बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ।

Uttar Pradesh — प्रहलाद पासवान, 46 वर्ष ने बताया कि मुझे बहुत समय से कोहनी में दर्द रहता था। जिससे रोजमर्रा के काम करने में भी काफी दिक्कत होती थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पता चला। निर्देशानुसार प्रयोग करने पर मेरी कोहनी का दर्द बिल्कुल कम हो गया है। मैं इसके लिए डा. ऑर्थो को धन्यवाद देता हूं।

Maharashtra — कृष्णराव कडू, उम्र 59 वर्ष ने लिखा है कि बहुत दिनों से खेती के कारण पीठ में असहनीय दर्द रहने लगा था। फिर एक दिन न्यूजपेपर में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड पढ़ा। 2 माह से डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल को यूज कर रहा हूं। पीठ का दर्द बहुत ही कम हो गया है। इसीलिए डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल बहुत अच्छा लगा।

24x7 Helpline No.: 7876977777 • www.drorthooil.com • Available at all medical & general stores
नक्कालों से सावधान — 'डा. ऑर्थो' के सभी प्रोडॅक्टस केवल 'डा. ऑर्थो' नाम से ही बनाए जाते हैं, मिलते-जुलते नाम, पैकिंग, शीशी, विज्ञापन से सावधान। सर्वोत्तम डा. ऑर्थो ही खरीदें।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371


गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED

रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी
• परफेक्ट एलायमेंट एवं सॉफ्ट टिश्यूज बैलेंसिंग
• मिनीमली इन्व्हेसिव सबवेस्टॉस टेक्निक से फॉस्ट रिकवरी
• रोबोट द्वारा गोल्ड नी रिप्लेसमेंट (ज्वाइंट की लाइफ बढ़ाने)
• मिनिमम पेन के लिये एडेक्टर केनॉल ब्लॉक द्वारा पेन मैनेजमेंट
• पेशेंट का 6 घंटे पश्चात चलना फिरना प्रारंभ
• सर्जरी के तीसरे दिन ही डिस्चार्ज
सभी कार्पोरेट, शासकीय योजनाओं एवं इंश्योरेंस से मान्यता प्राप्त
डॉ. प्रीतम अग्रवाल
Robotic Joint Replacement Surgeon & Arthroscopic Surgeon
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com